इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -206 | राजनांदगांव, गुरूवार 13 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# कुवैत के बिल्डिंग में काल बनी आग, 49 लोगों की मौत, मृतकों में 41 भारतीय

नई दिल्ली। कुवैत के मंगाफ शहर में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को आग लग गई। इस हादसे में करीब 49 लोगों की मौत हो गई। रॉयटर्स के अनुसार, दर्दनाक हादसे में केरल के 11 लोगों सहित 41 भारतीयों की जान चली गई।

भीषण आग बुधवार सुबह छह मंजिला बिल्डिंग की किचन में लगी। बताया जा रहा है कि इमारत में 160 लोग रहते थे, जो सभी एक ही कंपनी में काम करते हैं। न्यूज एजेंसी रायटर के हवाले से एक वरिष्ठ पुलिस कमांडर ने बताया कि जिस बिल्डिंग में आग लगी। उसका इस्तेमाल श्रमिकों के आवास के लिए किया जाता था।

### भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी

बड़ी संख्या में वहां श्रमिक थे। कुवैत में भारतीय दूतावास ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर लिखा कि भारतीय श्रमिकों से जुड़ी आग की दुखद घटना के संबंध में दूतावास ने इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर +965 65505246 शुरू किया है। अनुरोध है कि वे अपडेट के लिए हेल्पलाइन नंबर से जुड़ें। दूतावास हर संभव सहायता के लिए तैयार है।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुख

कुवैत की दर्दनाक घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, कुवैत शहर में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द ठीक हो जाएं। भारतीय दूतावास स्थिति पर नजर रख रहा है। कुवैत में भारतीय राजदूत शिविर में गए जहां आग की घटना हुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि हम आगे की जानकारी का इंतजार है। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

### कांग्रेस का विदेश मंत्रालय से आग्रह, पीड़ितों के परिवारों तक हर संभव मदद पहुंचाएं

नई दिल्ली। कुवैत में एक इमारत में लगी आग की घटना के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत में हुई भयानक त्रासदी से दुखी हूं, जहां कई भारतीय मजदूरों की जान चली गई और कई के घायल होने की सूचना आ रही है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा, हम विदेश मंत्रालय से आग्रह करते हैं कि पीड़ितों और उनके परिवारों को ईमानदारी से हर संभव सहायता प्रदान की जाए।

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये देगी मोदी सरकार

कुवैत अग्निकांड में अब तक 42 लोगों के मारे जाने की खबर सामने आई है। कुवैत में अपनी जान गंवाने वाले भारतीयों के परिवारों के लिए भारत सरकार की तरफ से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक कुवैत अग्निकांड को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक की जिसमें आर्थिक सहायता देने का फैसला लिया गया।

# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू

### सांसदों का शपथ, स्पीकर का होगा चुनाव

नई दिल्ली। नए चुने गए सांसदों के शपथ की अनिवार्यता पूरा करने के लिए 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इस दौरान पहले तीन दिन प्रोटेम स्पीकर द्वारा सांसदों का शपथ ग्रहण कराया जाएगा। इसी क्रम में 26 जून को लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को नवगठित लोकसभा के साथ राज्यसभा के सदस्यों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

### नवगठित मंत्रिपरिषद का परिचय

27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संसद में अपनी नवगठित मंत्रिपरिषद का परिचय कराया जाएगा। दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में नई लोकसभा में सरकार और विपक्ष पहली बार आमने-सामने होते हुए अपनी रणनीति के हिसाब से अपने-अपने सियासी तरकश से पहला तीर निकालेंगे।

### संसद की तीन परंपराएं

एनडीए सरकार के नए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को बताया कि 24 जून से शुरू होने वाला 18वीं लोकसभा का पहला सत्र तीन जुलाई को समाप्त हो गया। सांसदों के शपथ, स्पीकर के चुनाव तथा राष्ट्रपति के संबोधन के अलावा इस सत्र में कामकाज का कुछ अन्य खास एजेंड़ा नहीं होगा।

### संसद का बजट सत्र 2024

संसद के इस संक्षिप्त सत्र को देखते हुए यह तय हो गया है कि 2024-25 के आम बजट के लिए अलग से सत्र बुलाया जाएगा।

जुलाई के तीसरे सप्ताह में बजट सत्र बुलाए जाने की संभावना है जिसमें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एनडीए सरकार की नई पारी का पहला बजट पूर्ण बजट पेश करेंगी।

### प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति

लोकसभा चुनाव से पहले जनवरी-फरवरी में हुए सत्र में निर्मला सीतारमण अंतरिम लेखानुदान बजट लेकर आई थी जिसमें 31 जुलाई तक के सरकारी खर्चे को मंजूरी दी गई थी। नए सत्र की शुरुआत से पहले राष्ट्रपति लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति करेंगी। परंपरा के अनुसार नई लोकसभा के सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाता है।

# साय सरकार का बड़ा आरोप, साजिश के पीछे कांग्रेसियों का हाथ, मंत्रियों ने दिखाए फोटो

रायपुर। छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने बलौदाबाजार हिंसा के पीछे कांग्रेसियों का हाथ बताया है। राज्य सरकार के तीन मंत्री दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा और श्याम बिहारी जायसवाल ने पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार, भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव और बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे पर समाज के लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है।



तीन मंत्रियों ने इनके विरोध-प्रदर्शन की तस्वीरें जारी करते हुए कहा कि मामले की न्यायिक जांच शुरू हो चुकी है। इनपर भी कार्रवाई होगी। बलौदाबाजार हिंसा को लेकर मंगलवार शाम सात बजे तीनों मंत्रियों ने पत्रकारों से बातचीत की। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने लोगों को भड़काने का काम किया है। सतनामी समाज के मंच से कांग्रेस विधायक यादव सहित अन्य नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिया। कांग्रेस नेताओं ने 15 हजार प्रदर्शनकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की थी। मंत्री बघेल ने कहा कि सतनामी समाज के कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव क्यों आए थे। कांग्रेस ने षड्‌यंत्र रचने का काम किया है।

### कांग्रेस नेताओं ने भड़काने का काम किया

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# चंद्रबाबू नायडू चौथी बार बने आंध्रप्रदेश के सीएम, पवन कल्याण समेत 20 नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ

हैदराबाद। आंध्रप्रदेश में चंद्रबाबू नायडू ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। बतौर सीएम चंद्रबाबू नायडू का यह चौथा कार्यकाल है। वहीं, पवन कल्याण ने आंध्र प्रदेश सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। टीडीपी के राष्ट्रीय महासचिव नारा लोकेश ने आंध्रप्रदेश सरकार में मंत्री पद की शपथ ली।

### साल 1995 में पहली बार बने सीएम

यह चौथी बार है जब चंद्रबाबू नायडू आंध्र के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं। 2014 में आंध्रप्रदेश के विभाजन के बाद दूसरी बार वे सीएम बने। आंध्रप्रदेश के विभाजन से पहले नायडू, साल 1995 में पहली बार मुख्यमंत्री बने और उन्होंने लगातार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और नितिन गडकरी समारोह में मौजूद

नौ वर्षों तक 2004 तक राज्य का नेतृत्व किया। इसके बाद वो दूसरी बार साल 2014 में सीएम बने। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और नितिन गडकरी सहित अन्य शामिल हुए। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नायडू ने मंच पर पीएम मोदी के साथ गले मिले।

### आंध्रप्रदेश में दिखा एनडीए का जलवा

इस अवसर पर चंद्रबाबू नायडू के बेटे और टीडीपी महासचिव नारा लोकेश, केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू, अभिनेता चिरंजीवी, रजनीकांत, नंदमुरी बालकृष्ण भी मौजूद थे। नायडू ने टीडीपी-बीजेपी-जनसेना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को विधानसभा के साथ-साथ संसदीय चुनावों में भी भारी जीत दिलाई थी।

### टीडीपी के 135 विधायक को मिली जीत

आंध्रप्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा में टीडीपी के पास 135 विधायक हैं, जबकि उसके सहयोगी जनसेना पार्टी के पास 21 और बीजेपी के पास आठ विधायक हैं। विपक्षी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पास 11 विधायक हैं। टीडीपी द्वारा जारी सूची के अनुसार मंत्रिमंडल में टीडीपी के 21, जनसेना पार्टी के तीन और बीजेपी का एक विधायक होगा। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# मुसलमानों के लिए शिक्षा में आरक्षण मांगेगी एनसीपी, अजित पवार ने किया ऐलान

मुंबई। लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने महाराष्ट्र में मुस्लिम समुदाय के लिए शिक्षा में आरक्षण का पुरजोर समर्थन किया है। मुस्लिम समुदाय तक पहुंच बढ़ाने और इस वर्ष सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इस वर्ग का वोट हासिल करने का यह एनसीपी का नया पैंतरा है। एनसीपी ने लोकसभा की चार सीटों में से केवल एक सीट जीती है।



### महायुति सरकार का हिस्सा है एनसीपी

एनसीपी महायुति सरकार का हिस्सा है और वह मुस्लिम समुदाय को शिक्षा में कोटा देने के लिए भाजपा और शिवसेना के साथ बातचीत करने की योजना बना रही है, जिसने दलितों और आदिवासियों के साथ मिलकर महायुति के खिलाफ मतदान किया था। उन्हें डर था कि अगर 400 सीटों का आंकड़ा पार करने और केंद्र में सरकार बनाने के बाद भाजपा ने संविधान में बदलाव किया तो उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

### मुस्लिम समुदाय को मिले शिक्षा में आरक्षण

महाराष्ट्र एनसीपी के मुख्य प्रवक्ता उमेश पाटिल ने कहा, हम अपनी स्थिति पर अड़े हुए हैं कि मुस्लिम समुदाय को राज्य में शिक्षा में आरक्षण मिलना चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कांग्रेस-एनसीपी सरकार द्वारा (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में दो आतंकवादी ढेर, सीआरपीएफ का एक जवान शहीद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के हीरानगर इलाके में सुरक्षाबलों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, जबकि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया। डोडा में एक अन्य हमले में भारतीय सेना के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गये।



प्राप्त जानकारी के कठुआ के हमलावरों के तार पाकिस्तान से जुड़े हुये हैं, क्योंकि आतंकवादियों के शवों के पास से पाकिस्तान निर्मित चॉकलेट, पाकिस्तान निर्मित दवाइयां, दर्द निवारक इंजेक्शन सहित खाने-पीने की चीजें बरामद की गयी हैं।

एक अधिकारी ने कहा, हीरानगर बेल्ट के सैदल सोहल गांव में मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मारा गया। इसके बाद मारे गये आतंकवादियों की संख्या दो हो गयी। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के आसपास तलाशी अभियान जारी है। हमले में एक नागरिक भी घायल हुआ है। जम्मू के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उस समय मुठभेड़ के दौरान बाल-बाल बच गये, जब छिपे आतंकवादियों ने उनके सरकारी वाहन पर गोलीबारी की।

शहीद सीआरपीएफ कर्मी की पहचान कांस्टेबल जीडी कबीर दास के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हीरानगर के सोहल गांव के 45 वर्षीय ओंकार नामक एक (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# एलजी ने मुझे गलियां दीं, बहुत खराब बातें कहीं, वीके सक्सेना पर आतिशी ने लगाये गंभीर आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली की जनता भीषण गर्मी और पानी की किल्लत से जूझ रही है। आप सरकार इस मामले में हर मोर्चे पर विफल नजर आ रही है। केंद्र और आप पार्टी इस मसले पर आमने-सामने है। इस बेहद गंभीर मुद्दे पर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्रियों और उपराज्यपाल के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में जल मंत्री आतिशी ने बुधवार शाम एक्स पर एक पोस्ट करते हुए एली वीके सक्सेना पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने आज एक प्रेस रिलीज के जरिए उन्हें जमकर गालियां दी हैं, साथ ही उनके बारे में बहुत खराब बातें भी कही हैं।



### क्या बोलीं आतिशी

अपने पोस्ट में आतिशी ने लिखा, आज एलजी ऑफिस ने सभी पत्रकारों को एक प्रेस रिलीज़ भेजा। उसमें मुझे बहुत गालियाँ दी हैं। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# छत्तीसगढ़ में बिना डिग्री के खोल दिए अस्पताल

रायपुर। प्रदेश में दूसरे के लाइसेंस या पंजीयन पर डॉक्टरी करना चौंकाने वाला है। यानी संबंधित व्यक्ति के पास डिग्री नहीं है, लेकिन वह प्रेक्टिस कर रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसे भला कोई कैसे कर सकता है, लेकिन ये सही है। इस तरह का अजब-गजब मामला छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल के पास पहुंच गया है। ऐसे तीन से ज्यादा केस है। ऐसे मामलों की जांच भी की जा रही है।



सामने आए 3 ऐसे केस, मरीज की मौत के बाद हुआ खुलासा

बिलासपुर के जो युवक जनरल सर्जन बताकर किसी निजी अस्पताल में प्रेक्टिस कर रहा था, उनके गायब होने से मामला संदिग्ध हो गया है। अगर युवक जनरल सर्जरी एसोसिएशन में रजिस्ट्रेशन कराने नहीं पहुंचता तो मामले का खुलासा ही नहीं होता। ऐसे में एसोसिएशन ने बिलासपुर सीएमएचओ से डॉक्टर के रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी मांगी। सीएमएचओ के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं थी तो छग मेडिकल काउंसिल को पत्र लिखा गया। काउंसिल की पड़ताल में पता चला कि युवक रजिस्टर्ड नहीं है। ऐसा खुलासा होने के बाद युवक बिलासपुर से गायब हो गया है। छुरा वाले मामले में अस्पताल संचालक नॉन मेडिकोज है। वहां डॉक्टरों की लापरवाही से महिला का केस बिगड़ने व महिला की मौत का मामला सामने आया है।

### विदेश से डिग्री ली, लेकिन नहीं कराया पंजीयन

अंबिकापुर के एक फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट ने छग मेडिकल काउंसिल में (शेष पृष्ठ 7 पर...)

### डॉक्टरों का पंजीयन है या नहीं, सीएमएचओ गंभीर नहीं

नर्सिंग होम एक्ट के तहत निजी अस्पताल शुरू होने के पहले सीएमएचओ की टीम निरीक्षण करती है। इसमें सेवाएं देने वाले सभी डॉक्टरों की डिग्री समेत छग मेडिकल काउंसिल में पंजीयन है या नहीं, इसकी पड़ताल करती है। मामले में प्रदेश के ज्यादातर सीएमएचओ लापरवाही बरत रहे हैं। जब कोई शिकायत होती है तो हाथ खड़े कर दिए जाते हैं और छग मेडिकल काउंसिल से पंजीयन की जानकारी मांगी जाती है। जबकि जिलों में सीएमएचओ नर्सिंग होम एक्ट का नोडल अफसर होता है। उन्हीं की जांच में एक्ट के तहत अस्पतालों का पंजीयन होता है।

**केस-1 :** बिलासपुर का एक युवक अपने आपको सर्जन बताता और एक निजी अस्पताल में काम कर रहा था। युवक ने सर्जरी एसोसिएशन में पंजीयन कराना चाहा, तब खोजबीन हुई। पता चला छग मेडिकल काउंसिल में उनका रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। अब युवक गायब हो गया है।

**केस-2 :** गरियाबंद के छुरा में एक निजी अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई। जांच में पता चला कि अस्पताल संचालक के पास डॉक्टर की डिग्री नहीं है। बाहर से डॉक्टर बुलाकर मरीजों का इलाज किया जाता है। शिकायत छग मेडिकल काउंसिल तक पहुंच चुकी है।

आईएमए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी ने बताया कि बिना डिग्री प्रेक्टिस करना अचंभित करता है। हमने ऐसे मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की है। शिकायत के बाद ही छग मेडिकल काउंसिल हरकत में आया है।



# मत्स्य विभाग में केज कल्चर खरीदी व अनुदान राशि में गड़बड़ी सामने आया

## जांच रिपोर्ट में हो रहा खुलासा... शासन को सौंपा गया प्रतिवेदन होगी कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित राजनांदगांव जिले के समय मत्स्य विभाग में तात्कालीन अधिकारियों द्वारा केज कल्चर खरीदी व अनुदान राशि में की गई गड़बड़ी का मामला जांच रिपोर्ट में खुलासा होने की बात सामने आ रही है। बता दे कि पूर्व पीठासीन अधिकारी गीताजंलि गजभिए सहायक संचालक मछली पालन विभाग के समय हुई इस केज फर्जीवाड़ा के सम्बंध में पीड़ित प्रार्थी भुवन लाल वगडहरिया द्वारा की गई। शिकायत के चलते रायपुर से ज्वाईट डायरेक्टर व उनकी टीम द्वारा राजनांदगांव मत्य विभाग कार्यालय आकर जांच की गई थी। इस दौरान विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से पूछताछ की गई थी। तात्कालीन सहायक संचालक के ड्राईव्हर व अन्य लोगों से जवाब भी की गई थी। अब जानने में आ रहा है कि खैरागढ़ वाले नवागांव, जलाशय व मोंगरा बैराज केज फर्जीवाडे की हुई जांच में केज कल्चर खरीदी व अनुदान राशि में गडबड़ी का मामला सामने आया है। इसमें तात्कालीन संघ संचालक पर केज आबंटन की 60 प्रतिशत की सब्सिडी में 20 प्रतिशत कमीशन लेने का मामला दिख रहा है। वही आडिट नहीं कराने का भी आरोप सहायक संचालक पर लग रहा है। बताया जा रहा है कि आडिट होने पर और भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आ सकते है।



0 2 करोड़ 16 लाख रूपए की गड़बड़ी

मत्स्य विभाग राजनांदगांव के प्रभारी सहा. संचालक सुदेश कुमार साहू ने बताया कि नवागांव बांध जलाशय केज फर्जीवाड़े की जांच के पहले मोंगरा बैराज केज फर्जी वार्ड की जांच की जा चुकी है और शासन को जांच प्रतिवेदन सौंप दी गई है।

बताते चले कि उक्त केज कल्चर खरीदी फर्जीवाड़े में लगभग 2 करोड़ 16 लाख रूपए की गड़बड़ी सामने आई है। इसमें तात्कालीन सहा. संचालक गीताजंलि गजभिए द्वारा राजनांदगांव निवासी अपनी ननद और विभाग के ड्राईव्हर सहित भृत्य के रिस्तेदार व एक आदिवासी युवक के नाम पर केज खरीदी की है। केज की लीज के लिए जब नोटिस जारी किया गया। तब इस फर्जीवाड़ा के इस मामले का राजफाश हुआ। बताया जाता है कि केस खरीदी के बाद अनुदान की राशि हितग्राहियों के खाते में अबंटित होती है पर तात्कालीन सहा. संचालक ने यह राशि अपने चिन्हित लाभाशियों को केज बेचने वाली फर्म के खाते में अंतरित करा दी जो नियम विपरीत है। जब उनसे बयान लिया गया तो उन्होंने खुद को बचाने गोल मोल जवाब दिया है।

दैनिक दावा ने सोमवार 3 जून के अंक में प्रकाशित समाचार में बताया गया कि खैरागढ़ जिले के ग्राम भोथली निवासी भुवन बगडहरिया को इस मामले की कोई जानकारी नहीं थी। तथा उसे नोटिस मिलने पर इसकी शिकायत कलेक्टर व एसपी से की थी। बता दे कि तात्कालीन सहा. संचालक ने अपनी गड़बड़ी छिपाने दो साल तक विभागीय कार्यों का आडिट तक नहीं कराया था। कहा जा रहा है कि आडिट होने पर भ्रष्टाचार के कई रहस्यों से परदा उठ सकता है। जांच टीम ने तात्कालीन अधिकारियों व कर्मचारियों सहित उसके ड्राईव्हर आदि से बयान ले लिए है और मामले की जांच रिपोर्ट संचालनालय ने शासन को सौंप दी है। अब उक्त मामले में जांच के आधार पर शासन संबंधितों पर क्या कार्रवाई करती है, वह सबके सामने आ जाएगा।

# ग्रामीण को किसी ने मारने की नियत से लगाई आग, कारण अज्ञात

## बीती रात 3 बजे की घटना, रायपुर में इलाज जारी

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम कन्हारपुरी (सांकरदाहरा) निवासी एक ग्रामीण 11 जून की अर्धरात्रि को आग से लगभग 80 प्रतिशत झुलस गया। आग कैसे लगी, किसने लगाई, यह अबूझ पहेली बनी हुई है। रात 3 बजे की घटना के बाद आनन-फानन में ग्रामीण को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां से राजनांदगांव रिफर के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर किया गया, वहां पर उसका इलाज जारी है।



ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार कन्हारपुरी निवासी अशोक लेंझारे (48 वर्ष) 11 जून की रात्रि को अपनी पत्नि के साथ अपने घर में सो रहा था। तभी कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर घुस गया और कोई बिस्तर में सोये अशोक के ऊपर कोई ज्वलंनशील पदार्थ (पेट्रोल) डालकर आग लगा दी। आग लगने की घटना के समय उनकी पत्नि लघुशंका के लिए बाहर गई थी, शायद उसी समय दरवाजा खुलने का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति अंदर घुस गया होगा। आग लगने की घटना के बाद जब अशोक चीखने लगा तो वह तुरंत अंदर पहुंची, तो उस पर भी अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर दिया। इसके बाद दोनों चीखते चिल्लाते बाहर गली में आये, जिसके बाद गांव वाले उठे और डायल 112 को बुलाकर बुरी तरह जले अशोक को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया। स्थिति गंभीर होने पर यहां से राजनांदगांव रिफर किया गया। वहां पर भी प्रारंभिक उपचार के बाद उचित इलाज के लिए रायपुर रिफर गया।

मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में बुरी तरह झुलसे अशोक का इलाज डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर में हो रहा है। जहां उनकी हालत गंभीर परन्तु खतरे से बाहर बताई गई है। इस मामले को लेकर गांव में दहशत का माहौल है। वहीं घायल अशोक अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है, वहीं उनकी पत्नि भी घटना के संबंध में कुछ बता नहीं पा रही है। स्थानीय आरक्षी केन्द्र के एएसआई लाभाराम ध्रुव ने बताया कि थाने में अभी इस घटना के संबंध में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है।

# पहला कॉलम...

## एनपीएस परिवार ने मनाया स्थापना दिवस



राजनांदगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री में शाला का 18वाँ स्थापना दिवस परंपरागत रूप से उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना तथा उसके बाद हवन-पूजन किया गया, तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

इस पावन अवसर पर विगत् शिक्षक दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता शिक्षक-शिक्षिकाओं को शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते तथा निदेशक द्वय संतोष कांकरिया तथा कमलेश उभरानी के हाथों प्रशस्ति-पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्राचार्या तथा शाला परिवार द्वारा सुंदरकाण्ड तथा हनुमान चालीसा का भी संगीतमय पाठ किया गया जिसमें शाला के संगीत विभाग के शिक्षकों ने अपनी सहभागिता से समां बांध दिया।

## आज से सांसद संतोष पाण्डेय जिले की आभार यात्रा में



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय जिले की आभार यात्रा में आ रहे है। वे आज दिल्ली से लौटकर जिले के तीन मंडलों में जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों का आभार व्यक्त करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि सांसद श्री पाण्डेय आज दिल्ली से लौटने के बाद दोपहर 12 बजे छुरिया पहुंचेंगे, जहां भाजपा मंडल के कार्यकर्ता व नागरिकों का आभार व्यक्त करने के पश्चात् दोपहर 02 बजे लाल बहादुर नगर मंडल पहुंचेगे। यहाँ भी आभार व्यक्त करके वे शाम 04 बजे डोंगरगढ़ पहुंचकर पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर नागरिकों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करेंगे।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 20 जून को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 20 जून को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# बकरा चोर गिरोह पकड़ाया, घुम-घुमकर करते थे बकरा चोरी




राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने जिले के विभिन्न स्थानों में घूम-घूमकर बकरा चोरी करने वाले चोर गिरोह को पकड़ लिया है। चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि पकड़े गए बकरा चोर अभ्यस्त अपराधी है। इसके जो मुख्य आरोपी है, उसके खिलाफ विभिन्न मामले दर्ज हैं। चोरों के पास से घटना में प्रयुक्त आलाजरब सब्बल, ऑटो वाहन जप्त किया गया है।

थाना प्रभारी बंजारे ने बताया कि 12 जून को प्रार्थी चिखली चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि में खाना खाकर सो रहे थे कि बकरे के चिल्लाने की आवाज सुनकर उठकर देखा तो मेरे टीन झोपड़ी का ताला तोड़कर झोपड़ी मे रखे बकरा को तीन व्यक्ति आटो गाड़ी मे भर रहे थे। मै घबराकर घर वालो को और आसपास वालो को आवाज दिया। उसी दौरान तीनो व्यक्ति ऑटो क्रमांक सीजी 07 बीजी 1205 में बकरा को भर कर चोरी कर भाग रहे थे।

सूचना पर तत्काल धारा सदर का अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया मामले तत्काल दुरभाष के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तत्काल पेट्रोलिंग पार्टी स्टाफ मौके पर पहुंचकर आम जनता के सहयोग से बकरा चोरी करके भाग रहे तीनों व्यक्ति को ऑटो सहित पकड़ा गया। इसमें आरोपी मोहम्मद सफी पिता मोहम्मद इशाक उम्र 49 साल, राकेश गोश्वामी पिता रमेश गोश्वामी उम्र 34 साल, वेंकेटेश स्वामी पिता एम. मुन्नु स्वामी उम्र 49 साल तीनो निवासी वार्ड नं. 04 रूआंबांधा भिलाई सेक्टर 06 थाना कोतवाली जिला दुर्ग है। जिन्हें पकड़ कर ऑटो वाहन से तीन नग बकरा व ताला तोड़ने मे प्रयुक्त सब्बल तथा ऑटो को जप्त किया गया।

आरोपियों से बारीकी से पूछताछ करने पर उन लोगों ने ताला तोड़कर बकरा चोरी करना स्वीकार किया और आसपास के जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा व अन्य क्षेत्रों में रात और दिन मे घुम-घुमकर बकरा चोरी करना बताया। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर 457, 380, 34 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

# कलेक्टर ने ली व्यायाम शिक्षकों की बैठक



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बंसतपुर के सभाकक्ष में शिक्षा सत्र 2024-25 के संबंध में व्यायाम शिक्षकों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने जिले के सभी व्यायाम शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करने कहा। व्यायाम शिक्षकों को क्रीड़ा क्षेत्र में विकास एवं संवर्धन हेतु अनुशासित तरीके से कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने व्यायाम शिक्षकों से शालाओं में समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा इसकी सूची जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने कहा।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को खेल मैदान एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी व्यायाम शिक्षकों को खेल मैदान एवं क्रीड़ा सामग्री की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, जिला कीड़ा अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी, डीएमसी सतीश ब्यौहारे, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी राजनांदगांव देवेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक रणविजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक ईश्वर निर्मलकर, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक भानुप्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण

## जिला ग्रंथालय में सुविधाएं बढ़ाने के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं से चर्चा की और उन्हें परीक्षा के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए।

उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और लक्ष्य के लिए लगातार प्रयास करें। कलेक्टर से मिलकर युवाओं ने खुशी जाहिर की। कलेक्टर को ग्रंथालय में कम्प्यूटर, किताब, पार्किंग, भोजन कक्ष सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने ग्रंथालय में सुविधाओं को बढ़ाने के संबंध में कहा। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं की अधिक संख्या को देखते हुए अतिरिक्त भवन एवं भोजन कक्ष के निर्माण के लिए नोडल अधिकारी को प्राक्कलन तैयार कराने निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा आधिकारी अभय जायसवाल, नोडल अधिकारी एवं डीएमसी सतीश ब्यौहारे, स्टेट स्कूल के प्राचार्य एनएस पट्टा एवं जिला ग्रंथालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# नवागांव में 16 जून को सतगुरु कबीर प्रकट दिवस महोत्सव आयोजित

टेड़ेसरा (दावा)। ग्राम नवागांव (स्टेशन मुढ़ीपार) में 16 जून दिन रविवार को सदगुरु कबीर साहेब एवं पंथ हुजूर प्रकाश मुनिनाम साहब की दया से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सदगुरु कबीर प्रकट दिवस महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे गुरु महिमा पाठ, बरसाईत पाठ एवं 9:00 बजे भव्य शोभायात्रा, 11:00 बजे निशान पूजा व पधारे हुए महंत साहेब के श्रीमुख से सत्संग प्रवचन दोपहर 2:00 बजे तक एवं दोपहर 3:00 बजे से साहिब जी के कर कमलो से सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती प्रसाद वितरण के साथ सभा का समापन किया जाएगा। जिसमें सत्संग प्रवचन एवं चौका आरती महंत दीपक दास साहेब कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा के कर कमलो से संपन्न होगा। इस आयोजन की जानकारी गांव के सोम दास साहेब, ललित साहेब, तिलक साहेब एवं परीक्षेत्रीय कबीर पंथ समाज के मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजन समस्त कबीर पंथ समाज एवं ग्रामवासियों व आमीन माता महिला मंडल, नवजागरण सत्संग समिति एवं सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल के माध्यम से यह आयोजन किया जा रहा है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के

2-4-6

144-9 389-0

राजधानी

1-3-5

234-9 269-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला**
**क्रमांकः 202404091000139**
विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2023-24
छुरियाकला (प.ह.नं. 00020)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-रामदयाल
अनावेदक पक्षकार - खोरबाहरा, भैयालाल, रमेश

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामदयाल आ. कंवल साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम छुरियाकला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम छुरियाकला, प.ह.नं. 20, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 283/4, 384/1 रकबा 0.024, 0.032 के राजस्व अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज किए जाने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 14-06-2024 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं/ वकील/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/05/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**तहसील छुरिया**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला**
**क्रमांकः 202404091000137**
विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2023-24
छुरियाकला (प.ह.नं. 00020)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-रामदयाल
अनावेदक पक्षकार - सुगन, खोरबाहरा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामदयाल आ. कंवल साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम छुरियाकला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम छुरियाकला, प.ह.नं. 20, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 283/35 रकबा 0.057 के राजस्व अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज किए जाने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 14-06-2024 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं/वकील/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/05/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**तहसील छुरिया**

**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**
फोन/फैक्स नं. 07815-250157, Email: dfokatghora@gmail.com

**नीलाम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा/व्यापारिक बांस/औद्योगिक बांस का नीलाम, दिनांक **20.06.2024** को प्रातः **9.00** बजे से कसनिया काष्ठागार में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जाएगा-

**विवरण**

| प्रजाति | पिछला नीलाम का शेष वनोपज | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डे.नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डे.नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डे.नग |
| सागौन | 1.919 | 229 | 301.000 | 300 | 302.191 | 529 |
| साल | 699.182 | 406 | 207.000 | 1620 | 906.182 | 2026 |
| बीजा | 45.164 | 78 | 0.000 | 0 | 45.164 | 78 |
| तिंशा | 8.277 | 79 | 0.000 | 0 | 8.277 | 79 |
| शीशम | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| खम्हार | 0.000 | 29 | 10.000 | 0 | 10.000 | 29 |
| हल्दू | 2.442 | 0 | 0.000 | 0 | 2.442 | 0 |
| साजा | 30.054 | 27 | 2.000 | 70 | 32.054 | 97 |
| धावड़ा | 4.050 | 4 | 0.000 | 0 | 4.050 | 4 |
| सलिहा | 2.166 | 0 | 1.000 | 0 | 3.166 | 0 |
| नीलगिरी | 40.670 | 87 | 30.000 | 100 | 70.670 | 187 |
| शीशु | 0.000 | 0 | 5.000 | 0 | 5.000 | 0 |
| तेंदू | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| अन्य | 53.562 | 191 | 40.000 | 130 | 93.562 | 321 |
| योग (काष्ठ) | 887.486 | 1130 | 596.000 | 2220 | 1483.486 | 3350 |
| **कसनिया काष्ठागार में रखे गये जलाऊ काष्ठ** | | | | | | |
| सागौन जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| सतकठा जलाऊ | 52 | चट्टा | 0 | चट्टा | 52 | चट्टा |
| कर्रा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| सलिहा जलाऊ | 65 | चट्टा | 0 | चट्टा | 65 | चट्टा |
| योग (जलाऊ) | 126 | चट्टा | 0 | चट्टा | 126 | चट्टा |
| **निस्तार डिपो पाली** | | | | | | |
| सतकठा जलाऊ | 464 | चट्टा | 0 | चट्टा | 464 | चट्टा |
| योग (जलाऊ) | 464 | चट्टा | 0 | चट्टा | 464 | चट्टा |
| **कसनिया काष्ठागार में रखे गये बांस** | | | | | | |
| व्यापारिक बांस | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | 0 | नो. टन | 0 | नो. टन | 0 | नो. टन |
| औद्योगिक बांस बण्डल | 300 | बण्डल | 0 | बण्डल | 300 | बण्डल |
| | 2.499 | नो. टन | 0 | नो. टन | 2.499 | नो. टन |
| योग (बांस):- | 2.499 | नो. टन | 0 | नो. टन | 2.499 | नो. टन |

| प्रजाति | पिछला नीलाम का शेष वनोपज | | | नया वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | जलाऊ चट्टा | बल्ली/डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | जलाऊ चट्टा | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | जलाऊ चट्टा |
| निस्तार डिपो सक्ती (बीजा) | 0.507 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.507 | 0 | 0 |
| निस्तार डिपो सक्ती (साल) | 1.771 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 1.771 | 0 | 0 |
| निस्तार डिपो सक्ती (अन्य) | 40.661 | 105 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 40.661 | 105 | 0 |
| निस्तार डिपो सक्ती (सतकठा) | 0.000 | 0 | 32 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 32 |
| अकलतरा डिपो (सागौन) | 0.000 | 380 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 380 | 0 |
| अकलतरा डिपो (साल) | 4.327 | 161 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 4.327 | 161 | 0 |
| अकलतरा डिपो (साजा) | 3.755 | 14 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 3.755 | 14 | 0 |
| अकलतरा डिपो (नीलगिरी) | 0.724 | 13 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.724 | 13 | 0 |
| अकलतरा डिपो (अन्य) | 23.630 | 19 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 23.630 | 19 | 0 |
| अकलतरा डिपो (सतकठा) | 0.000 | 0 | 293 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 293 |
| बलोदा (अन्य) | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| बाराद्वार डिपो (अन्य) | 8.079 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 8.079 | 0 | 0 |
| बाराद्वार डिपो (सतकठा) | 0.000 | 0 | 22 | .0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 22 |
| पंतोरा डिपो (सागौन) | 0.000 | 1 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 1 | 0 |
| पंतोरा डिपो (साल) | 9.847 | 2 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 9.847 | 2 | 0 |
| पंतोरा (अन्य) | 3.490 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 3.490 | 0 | 0 |
| सतकठा | 0.000 | 0 | 3 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 3 |
| योग (काष्ठ) :- | 96.791 | 695 | 350 | 0 | 0.000 | 0 | 96.791 | 695 | 350 |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है, कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में वनमंडल कार्यालय व काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है। बोली बोलने के पूर्व लाटो का भली भांति निरीक्षण कर लेवें बाद में मात्राओं आदि के ब्यौरे गलत पाये जाने पर मुआवजे या किसी अन्य राहत के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**टीपः** 1. क्रेता को ई.एम.डी. के साथ पेन नंबर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 एवं जी.एस.टी. नंबर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य हे। 2. सभी राष्ट्रीयकृत बैंक का मल्टीसिटी चेक अथवा ड्राफ्ट ही स्वीकार किए जायेंगे। अन्य बैंकों के मल्टीसिटी चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

जी- 242500255/2

**वन मंडलाधिकारी**
**कटघोरा वनमण्डल कटघोरा**

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show SILVER SCREEN MULTIPLEX
09th June to 13th June 2024




Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 12:30, 03:00, 06:00 & 09:00 pm
Mr and Mrs Mahi - 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Munjya - 12:15, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

छत्तीसगढ़ शासन

विष्णु के सुशासन से
संवर रहा छत्तीसगढ़

# सुशासन और समग्र विकास के



# 6 माह



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## विकास की नई राह

- कृषक उन्नति से समृद्ध किसान, 3100 रुपए में ख़रीदा धान
- मिला दो वर्षों का 3716 करोड़ रुपए बकाया बोनस
- पीएम आवास से 18 लाख से अधिक परिवारों को अपना मकान, गरीबों का रखा ध्यान
- मुफ्त अनाज से गरीबों का कल्याण, एक करोड़ से अधिक परिवारों को 5 वर्षों तक राशन
- महतारी वंदन से महिलाओं को आर्थिक संबल, प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की मदद से 70 लाख महिलाओं को मिला बल
- तेंदूपत्ता मानदेय अब बढ़कर प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए भुगतान, आदिवासी का सम्मान
- शासकीय भर्ती आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट मिली, युवाओं में चहुँओर खुशी
- भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित, युवा रहेगा अब निश्चिंत
- 'नियद नेल्लानार' से माओवादी समस्या का पूर्ण निदान, लड़ाई से आगे बढ़ विकास का विधान
- त्वरित निर्णय- सख्त प्रशासन, विगत 6 माह में, 129 माओवादी ढेर, 488 गिरफ्तार, 431 आत्मसमर्पण
- 'रामलला दर्शन योजना' से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा का मिल रहा सौभाग्य

संवाद:-40358/68

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## अनमोल दावा

**अपने अनिवार्य कार्य करो, क्योंकि वास्तव में कार्य करना निष्क्रियता से बेहतर है।**

# मणिपुर में उपद्रवियों के हौसले बढ़े, शांति बहाली में इच्छाशक्ति की कमी बड़ी चुनौती

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष, एक भ्रमपूर्ण बयान की वजह से भड़क उठा था। हालांकि अब वहां की अदालत खुद इस संभावना को खारिज कर चुकी है कि मैतेई समुदाय के लोगों को जनजातीय समुदाय का दर्जा दिया जाना चाहिए। एक वर्ष से अधिक समय बीत गया, मगर अभी तक मणिपुर में खूनी संघर्ष समाप्त नहीं हो पाया है। शुरू से ही वहां शांति बहाली के प्रयास शिथिल नजर आते हैं। प्रशासन और सुरक्षाबलों ने इच्छाशक्ति दिखाई होती, तो बहुत पहले इस समस्या का समाधान निकल गया होता। मगर उनकी भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। इसी का नतीजा है कि सोमवार को उपद्रवियों ने घात लगा कर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के काफिले पर हमला कर दिया। गनीमत है कि उसमें सिर्फ एक सिपाही घायल हुआ, कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इससे वहां के उपद्रवियों के हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है।

अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि इतने लंबे समय से वहां अशांति का वातावरण है, मगर उसे हल करने की कोशिश नहीं की गई। इसे प्रथमिकता में रखते हुए शांति बहाली का प्रयास किया जाना चाहिए। पिछले दस वर्षों से वहां शांति का वातावरण था। हालांकि भागवत ने भी इस मामले में बयान देने में काफी वक्त लगा दिया। इसे लेकर विपक्षी दल लगातार सवाल उठाते रहे हैं। संसद में भी प्रश्न पूछे गए, मगर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका। अभी तक पूछा जाता है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री क्यों खामोश हैं।

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष, एक भ्रमपूर्ण बयान की वजह से भड़क उठा था। हालांकि अब वहां की अदालत खुद इस संभावना को खारिज कर चुकी है कि मैतेई समुदाय के लोगों को जनजातीय समुदाय का दर्जा दिया जाना चाहिए। मगर न तो राज्य और न केंद्र सरकार मणिपुर के खूनी संघर्ष को रोक पाई है। शुरू में जरूर केंद्रीय गृहमंत्री वहां गए थे, मगर फिर कोई उल्लेखनीय कार्रवाई नहीं हो सकी।

बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच और कार्रवाई के लिए समितियां गठित कर दी, मगर उसका भी कोई नतीजा नजर नहीं आ रहा। पिछले वर्ष मई में शुरू हुए इस संघर्ष में अब तक सवा दो सौ से अधिक लोगों के मारे जाने, चार सौ से अधिक लोगों के घायल होने, हजारों घरों के जलाए जाने और साठ हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होकर राहत शिविरों में शरण लेने के तथ्य उजागर हैं। सरकारों को अब यह बहाना जरूर मिल गया है कि मणिपुर के संघर्ष को रोकने की कार्रवाई सर्वोच्च अदालत की निगरानी में चल रही है, इसलिए वे इसमें बहुत हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। मगर यह उनका अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेने का एक और तरीका है। यह समझना मुश्किल है कि कैसे कोई भी कल्याणकारी सरकार अपने नागरिकों को इस तरह मारकाट करते देखती रह सकती है। राज्य सरकार तो इस मामले में शुरू से नाकाम साबित हुई है, मगर केंद्र सरकार ने इस पर अपेक्षित गंभीरता क्यों नहीं दिखाई, समझ से परे है। जिस तरह वहां महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया, उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया, उससे पूरी दुनिया में देश की छवि खराब हुई। मणिपुर के लोगों का सरकार और प्रशासन पर से भरोसा उठ चुका है। गांव वाले खुद सुरक्षा दल बना कर पहरेदारी करते और उपद्रवियों से बचने की कोशिश करते हैं। यानी वहां के लोगों को एक तरह से उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। संघ प्रमुख की मणिपुर को लेकर प्रकट की गई चिंता को केंद्र सरकार कितनी गंभीरता से लेती है, देखने की बात है।

# विष्णु देव साय सरकार के छह माह: सुशासन के ट्रैक पर विकास ने फिर पकड़ी रफ्तार

## किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए हुए हैं ऐतिहासिक फैसले

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन के ट्रैक पर छत्तीसगढ़ ने फिर से विकास की रफ्तार पकड़ ली है। बीते छह माह पर नजर डाले तो साय सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए बहुत कम समय में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए वर्ष 2047 तक विकसित-छत्तीसगढ़ का निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के लोगों को गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि के लिए सुशासन की स्थापना की जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अलग सुशासन और अभिसरण विभाग का गठन किया है। यह विभाग कल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए काम कर रहा है। सभी विभागों को सुशासन के लिए अधिक से अधिक आईटी का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर 2023, सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।

साय सरकार ने आवासहीन और जरूरतमंद 18 लाख परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, 13 लाख से अधिक किसानों को धान की बोनस राशि, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना में 70 लाख से अधिक गरीब परिवारों की महिलाओं को हर माह एक-एक हजार रूपए देने जैसे अनेक निर्णयों पर क्रियान्वयन किया है। राज्य के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवाद उन्मूलन के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियद नेल्लानार योजना शुरू की गई है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन योजना, उद्यम क्रांति योजना जैसी कई अभिनव योजनाओं की शुरूआत हुई है। लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) की सम्मान निधि फिर से शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 13 जून से सभी विभागों में प्रशासनिक कसावट लाने के लिए समीक्षा बैठक लेने का सिलसिला शुरू कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जन कल्याणकारी कार्यक्रम का क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता रखें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि आम नागरिकों की दिक्कतें दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें। लोकसभा निर्वाचन के बाद अब शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार तेजी से काम कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना जैसी अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन पर तैयारी शुरू कर दी गई है। राजस्व प्रशासन को भी मजबूत किया जा रहा है। भूमि संबंधी विवादों और दिक्कतों को दूर करने के लिए भू-नक्शों की जियो रिफरेंसिंग पर भी रणनीति तैयार कर ली गई है।



### 18 लाख आवास स्वीकृत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति दे दी। इसके लिए 12 हजार 168 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

### 13 लाख किसानों को धान का बोनस

मोदी जी ने प्रदेश के किसानों को गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर राज्य के किसानों को 2 साल का बकाया धान बोनस देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस अंतरित कर इस गारंटी को भी पूरा किया है।

### 3100 रूपए में धान की खरीदी

साय सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने की गारंटी को पूरा करते हुए 32 हजार करोड़ रुपए के समर्थन मूल्य की राशि का तत्काल भुगतान किसानों को किया और फिर 12 जनवरी को 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर की राशि 13 हजार 320 करो? रुपए की राशि अंतरित की है। इस साल खरीफ सीजन में राज्य में 145 लाख मीटिरक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है।

### 70 लाख महिलाओं का वंदन

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में राशि अंतरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की वर्चुअल उपस्थिति में 10 मार्च 2024 को हुआ। इस योजना के अंतर्गत राज्य की पात्र महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। योजना का लाभ 70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। अब तक इस योजना की चार माह की राशि जारी की जा चुकी है। पिछली सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट का काम छीन लिया था। छत्तीसगढ़ सरकार ने अब फिर से उन्हें यह काम सौंप दिया है।

### श्री रामलला दर्शन योजना

छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या में विराजमान श्री रामलला के दर्शन हेतु निःशुल्क आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना संचालित की जा रही है। शासकीय व्यय में अब तक हजारों दर्शनार्थी श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या भेजे जा चुके हैं।

### तेन्दूपत्ता संग्रहण दर अब 5500 रूपए

राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। चालू तेंदूपत्ता सीजन से ही 12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को योजना का लाभ मिल रहा है। संग्राहकों के लिए राज्य सरकार द्वारा चरण पादुका योजना भी शुरू की जाएगी, साथ ही उन्हें बोनस का लाभ भी दिया जाएगा।

### भर्ती में युवाओं को पांच वर्ष की छूट

युवाओं की बेहतरी के लिए राज्य सरकार ने अहम निर्णय लेते हुए पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट का निर्णय लिया है। अभ्यर्थियों को 31 दिसंबर 2028 तक आयु सीमा में 05 वर्ष छूट का लाभ मिलेगा।

### यूपीएससी की तर्ज पर होगी पीएससी

यूपीएससी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता में आयोग का गठन कर दिया गया है। पीएससी की घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है।

राज्य की 5 शक्तिपीठों के विकास के लिए बजट में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। शक्तिपीठों के विकास के लिए चारधाम की तर्ज पर 1000 किलोमीटर की परियोजना शुरू की जाएगी। ग्रामीण घरों को नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

राज्य में युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्यम क्रांति योजना शुरू करते हुए बजट प्रावधान भी कर दिया है। इस योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। राज्य में सड़क, रेल और हवाई यातायात की सुविधाओं के विस्तार का काम भी शुरू हो चुका है। बिलासपुर और जगदलपुर से नयी उड़ानें शुरू हो चुकी हैं। जशपुर और बलरामपुर हवाई पट्टी के विस्तार के लिए बजट में प्रावधान कर दिया गया है। अंबिकापुर और जगदलपुर हवाई अड्डों में भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### गरीबों के लिए मुफ्त राशन

छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय लिया है। इसके लिए बजट में 34 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए भी बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है।

### राजिम कुम्भ कल्प की पुन: शुरूआत

राज्य की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए राजिम मेले का आयोजन पुनः उसके व्यापक स्वरूप में राजिम कुंभ कल्प के रूप में शुरू कर दिया गया है। बस्तर में प्राचीन काल से चले आ रहे अनेक ऐतिहासिक मेलों को भी शासकीय संरक्षण और सहायता दी जा रही है।

रायपुर को आईटी हब बनाने का काम शुरू हो गया है। हाल ही में 2 आईटी कंपनियों के साथ एमओयू हुआ है, उन्हें फर्नीस्ड बिल्डअप एरिया भी उपलब्ध करा दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार नवा रायपुर को बेंगलुरू की तर्ज पर आईटी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

### शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना

राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है। राज्य के दो बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर और छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर (सिम्स) में भवन के विस्तार और सुविधाओं के विकास का काम शुरू कर दिया गया है। राज्य में उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का निर्णय लिया है। आईआईटी की तर्ज पर राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन की स्थापना की जाएगी।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम -174: रानी कैकेई की चिंता राजा दशरथ को मिले संतान वियोग के श्राप को लेकर

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



''अगर महाराज दशरथ को संतान वियोग का श्राप है, तो इसके कई अर्थ हो सकते हैं.. संतान का स्वयं से दूर चले जाना.. संतान को खो देनाज्ज्स्वयं राजा दशरथ के जीवन पर संकट.. श्री राम के शीघ्र अभिषेक के लिए दिया गया परामर्श..''ये सभी बातें उनके मन में आती रहीं और वे महाराज तथा अपने सभी पुत्रों की सुरक्षा के लिए चिंतित होती रहीं।''

कभी-कभी जीवन में निर्णय लेना कठिन हो जाता है,तो उसे समय पर छोड़ दिया जाता है। कुमार राम के अभिषेक में अब अधिक समय नहीं बचा है। रानी कैकेई भावी घटनाओं में प्रमुख भूमिका निभा सकती हैं। उनके रथ ने तेजी से अयोध्या नगरी में प्रवेश किया।

राजा दशरथ अभी तक ध्यान कक्ष में हैं। राजप्रासाद के मुख्य प्रांगण के एक कोने पर स्थित यह ध्यान कक्ष विशिष्ट है। इसके बगल में श्री हरि विष्णु का मंदिर है और यहां बैठकर देखने से राजप्रासाद के भीतर की सभी गतिविधियां दिखाई देती हैं। अभी सेवक और सेविकाएं अभिषेक कार्यक्रम की तैयारी में व्यस्त हैं। राजप्रासाद लगभग सज धज कर तैयार हो गया है।दीप मालिकाएं अब जगमगाने लगी हैं और जहां राजा दशरथ बैठे हैं,वहां से बाहर का कोलाहल भी सुनाई देता है। कहीं रह रहकर ''महाराज दशरथ की जय'', ''अयोध्या राज्य - अखंड साम्राज्य'' और ''सूर्यवंशी राजकुमारों की जय'' की ध्वनि सुनाई देती है। यह अयोध्या के इतिहास में सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है। राजा दशरथ हृदय से प्रसन्न हैं लेकिन कभी-कभी उनके समक्ष वर्षों पूर्व का वह दृश्य दिखाई देने लगता है, जब वे सरयू नदी के तट के घने जंगलों की ओर शिकार के लिए निकल पड़े थे।प्यास से व्याकुल राजा संयोगवश अपने सैनिकों के समूह से अलग होकर अकेले ही एक वन क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। उन्होंने पानी की तलाश में अनुमान लगाकर सरयू नदी की ओर जाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में नदी के पास पहुंचने पर उन्हें किसी वन्य पशु के नदी तट पर होने का अनुमान हुआ....राजा अपनी स्मृतियों में हैं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -086



### सु-दोकू क्र.086



सू-दोकू क्र.085 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### महंगाई ही जीवन की कथा रही

अखबार उठाकर
बानी बोले- हमने सोचा था गजाधर !
हमारे छत्तीसगढ़ में भी
डबल इंजिन सरकार हो गई
तो हम साधारण लोग भी
अब रहेंगे भैया! बढ़िया मस्त।
पर यहाँ तो मोदी जी के तीसरी बार
प्रधानमंत्री पद की शपथ
लेने की खुशी भी हम नहीं
मना पाये कि आलू प्याज के दाम
आसमान पर चढ़ गए।
अनाज, गुड़, तेल, शक्कर के दाम भी बढ़ गए।
ऐसी कमर तोड़ महंगाई से
हमारी तो हालत हो गई पस्त।
और गजाधर
यहां हम महंगाई का रोना रो रहे हैं
और आप है कि हंस रहे हैं
गजाधर मुस्कराए, बोले -
'महंगाई का कितना रोना रोएं बानी
महंगाई तो लाती है, दस तरह की परेशानी
और आपने देखा तो है,
महंगाई बढ़ती है तो सरकार में बैठे लोग
शब्दों से सजा कर कैफियत दे देते है।
आप कुछ दूर रो लेते हैं।
हम कुछ देर हस लेते हैं।
और फिर महंगाई के साथ बानी
चलने लगती है हमारे जीवन की कहानी'



-गिरीश बख्शी

## कविता

### नि:स्वार्थ प्रेम

प्रेम ही जीवन है,
प्रेम एक साधना है।
प्रेम ही उपासना है,
प्रेम एक आराधना है।।
प्रेम एक एहसास है, प्रेम से जुड़ी हर श्वांस है।
दो आत्माओं का मिलन, प्रेम एक विश्वास है।।
प्रेम में ही मित्रता है,
प्रेम से मिटती शत्रुता।
प्रेम एक मधुरस है,
इसमें नहीं है कटुता।।
प्रेम कुबड़ी की आस्था, प्रेम शबरी का विश्वास है।
प्रेम गोपियों की रास है, अवध में प्रेम उजास है।।
प्रेम कृष्ण की मीरा है,
प्रेम कृष्ण की राधा है।
प्रेम होता है नि:स्वार्थ,
प्रेम बिना सब आधा है।।
प्रेम सार सर्वत्र है, प्रेम से जीवन उन्नत है।
प्रेम से ही जन्नत है, प्रेम से मिलती हर मन्नत है।।
प्रेम होता निर्मल, निश्छल,
प्रेम ईश्वर का रूप है।
प्रेम है एक संजीवनी,
प्रेम की गाथा अनूप है।।



महेन्द्र साहू
''खलारीवाला''
गुण्डरदेही बालोद छ.ग.

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

**वृषभ** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाईम स्पेंड करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं। इससे आपके मन की उलझन थोड़ी कम होगी। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आज किसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है। छात्रों के लिए दिन ठीक है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा... साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। घर का माहौल बेहतर बना रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आज आपके आस-पास के लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ आनंददायक समय बीतेगा।

**तुला** — आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाएगा। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है।

**वृश्चिक** — आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। आपका जीवनसाथी आपको कोई बड़ी खुशखबरी देंगे। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को कोई बड़ा फायदा होगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**मकर** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी, जिससे काम करने में आसानी होगी। किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने का प्लान बनायेंगे। इससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जाएगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका वैवाहिक जीवन बेहतर बना रहेगा। आज आप अपनों की मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**मीन** — आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटिड हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने की संभावना है। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है।

# प्रदेश स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह ग्राम ठेलकाडीह में संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। ठेलकाडीह में राजपूत क्षत्रिय महासभा का महाराणा प्रताप जयंती मनाया गया, जिसमें महासभा के मिडिया प्रमुख आदर्श सिंह ने बताया कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वल्लित महाराणा प्रताप व प्रभु श्रीराम जी की तैलचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया साथ ही केन्द्रीय युवा मंडल के अध्यक्ष प्रशांत सिंह एवं विकास सिंह की टीम के द्वारा महासभा के पदाधिकारी का सम्मान किया गया तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा में महाराणा प्रताप की भव्य झांकी एवं रथ, डी.जे. धुमाल के साथ महाराणा प्रताप एवं प्रभु श्रीराम जी कि जयघोष के साथ का शुरूआत किया गया।

ठेलकाडीह ग्राम में भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल थाना चौक ठेलकाडीह पहुंचा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सामाजिक पदाधिकारी के द्वारा स्वागत किया गया, साथ ही डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाराणा प्रताप की जीवनी को पढ़ने, सुनने से ज्यादा आप उसका अवलोकन करें तथा जो समाज के विचार एवं मांगो को लाया गया उसे हर संभव पूरा किया जायेगा ऐसी बात कही। महासभा के अध्यक्ष ठाकुर बजरंग सिंह बैस के द्वारा कहा गया कि सामान्य वर्ग हेतु 10 प्रतिशत आरक्षण तथा स्वतंत्रता संग्राम ठाकुर प्यारेलाल का संग्रहालय ग्राम दैहान में पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कार्यक्रम में कहा गया था तथा ठेलकाडीह में सामाजिक भवन एवं महाराणा प्रताप की मूर्ति की मांग साथ ही छ.ग. में 5 एकड़ भूमि हेतु बात की मांग रखी गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, नोमेश वर्मा साथ ही अन्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान, समाज में उत्कृष्ठ कार्य के लिये दिया गया।

इस कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अश्वनी राजपूत, कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, सह-सचिव कमलेश राजपूत, उप सचिव प्रवेश ठाकुर, संगठन सचिव ज्ञानेश्वर क्षत्रिय, प्रचार सचिव घनश्याम सिंह चौहान, के. महिला अध्यक्ष वंदना राजपूत, के. महिला सचिव छाया ठाकुर, के. युवा अध्यक्ष प्रशांत राजपूत, के. युवा सचिव विकास सिंह, कार्यक्रम के सहसंयोजक मिडिया प्रमुख आदर्श सिंह, भागवत सिंह, सहसंयोजक दिनेश सिंह, राजनांदगांव जोन के सभी पदाधिकारी तथा उपसमिति अध्यक्ष, लोकेन्द्र भुवाल, शेर सिंह, संजय सिंह, आरन सिंह, पूर्व के अध्यक्ष होरी सिंह, अजय सिंह, अशोक सिंह, अश्वनी लवायन, चंद्रशेखर सिंह, राजिम अध्यक्ष मुकेश सिंह, रायपुर अध्यक्ष पंकज सिंह, परपोडी अध्यक्ष चितरंजन सिंह एवं भिलाई सचिव सहित टीम, टीकम सिंह, थानकमरिया सचिव रोहित सिंह, तखतपुर सचिव राम सिंह, कांकेर उपसमिति हीरा सिंह, भूमि क्रय समिति कमलेश सिंह, नरोत्तम सिंह पवार, तेज सिंह, कमलेश्वर सिंह, जितेन्द्र सिंह, मिथलेश सिंह, रघुनंदन सिंह, इंद्रपाल सिंह, युवा मंडल से अंकित सिंह, अजय सिंह, दीपक सिंह, आयुष सिंह, प्रवीण सिंह, दुर्गेश सिंह, सत्यम सिंह, शुभम सिंह, गंभीर सिंह साथ ही महिला मंडल एवं युवा मंडल के पदाधिकारी एवं सामाजिक सदस्य उपस्थित हुए।

# कार्यकर्ताओं ने प्रोजेक्टर लगाकर मोदी मंत्रीमंडल का शपथ ग्रहण समारोह देखा



डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा के प्रति जनता का लगाव लगातार तीसरी बार भी बना रहा। देश में तीसरी बार भाजपा (एनडीए गठबंधन) की सरकार ने 9 जून दिन रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का गौरव हासिल किया।

शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि, भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ नरेंद्र मोदी को तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते हुए देखा। जिसका सीधा प्रसारण डोंगरगढ़ शहर भाजपा के द्वारा गोल बाजार में रखा गया था। जिसमें भाजपा के कार्यकर्ता के साथ-साथ बड़ी संख्या में नगर के लोगों की भी उपस्थित रही। सभी ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ भारत देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण को देखा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ नगर भ्रमण कर नगर के लोगों को तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर बधाई दी एवं डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन के द्वारा मिठाइयां बांटी गई। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, डोंगरगढ़ विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, सहसंयोजक सुनील जैन, शशिकांत द्विवेदी, प्रकाश चौरडिया, कुलवान कक्कड़ डॉ पन्नालाल बाफना, महामंत्री राकेश अग्रवाल, अमित छाबरा हरीश मोटघरे, सुमित मिश्रा, अमित बोस, विधानसभा मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर, उपकार साहू, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, अनिल पांडे, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सविता दरगढ, अजय दुबे, भोला राजपूत, विक्रांत राजपूत, देव वर्मा, शेखर विश्वकर्मा, विनीत यादव, राहुल, अनुभव, ललित शर्मा, जसमीत, पप्पू नामदेव, कमलेश धामगये, जसप्रीत भाटिया, जॉर्ज मशी तथा भाजपा के सभी वरिष्ठ गण, सभी पार्षद गण, सभी मंडल एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी-संयोजक-सहसंयोजकगण सभी बूथ अध्यक्ष गण एवं सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# डीईओ, बीईओ, बीआरसी ने शाला खुलने की तैयारी के संबंध में मोहला के प्रधान पाठकों की ली समीक्षा बैठक

मोहला (दावा)। नए शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरुआत 18 जून से हो रहा। शाला खुलने के पूर्व की तैयारी की समीक्षा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार देवांगन, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल वर्मा द्वारा मिडिल स्कूल के प्रधान पाठकों की बैठक ली गयी।

समीक्षा बैठक में सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक, संकुल प्राचार्य भी उपस्थित रहे। बैठक में शाला की सफाई, बच्चों का दाखिला, ड्राप आउट बच्चो का पुनः प्रवेश, किचन रूम की सफाई, वृक्षारोपण, शाला प्रवेश उत्सव, एसएमसी बैठक, अभिलेख का संधारण, न्यौता भोजन, पुस्तक गणवेश वितरण इत्यादि पर निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व सत्र के उपलब्धि पर बीईओ मोहला ने प्रधान पाठकों की प्रशंसा भी किया तथा आने वाले समय मे सभी प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों को शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया।

**पूर्ण तैयारी के साथ नए सत्र की शुरुआत हो- बीईओ मोहला**

प्रधान पाठकों को नए सत्र में मध्यान्ह भोजन संचालन व सफाई व्यवस्था को गंभीरता से ध्यान देने कहा गया। सभी ऑनलाइन कार्यो में शिक्षकों को दक्ष होने के लिए मोटिवेट किया गया। कैश बुक व स्टॉक पंजी नियमानुसार संधारित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्यवाही के संकेत भी दिए है। शिक्षकों का पहनावा, व्यवहार विद्यालय के गरिमा अनुरूप रखने को कहा तथा शराब सेवन, पान गुटखा खाकर स्कूल आने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी।

# शिव खोड़ी श्रद्धालुओं पर हमला, बजरंग दल ने आतंकवाद का फूंका पुतला



राजनांदगांव (दावा)। शिव खोड़ी दर्शन कर मंदिर से आ रहे श्रद्धालुओं के ऊपर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक आतंकवादियों के द्वारा हमला किया गया जो कि बहुत की कायराना कृत्य है। हमले में हिंदू परिवारों के बच्चों सहित 10 लोगों की मृत्यु हो गई, जिसके विरोध में बजरंग दल द्वारा इस्लामिक जिहादियों का मानव मंदिर चौक में पुतला दहन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर परिसर में ज्ञापन दिया गया और बजरंग दल इस कायरना कृत्य की निंदा करते हुए। इस प्रकार की गतिविधि पर त्वरित लगाम लगाने कठोर कदम उठाने को केंद्र सरकार को निर्देश देने का निवेदन किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सभी पदाधिकारी एवं बजरंगी और सर्व हिन्दू समाज के हिंदूजन उपस्थित रहे, उक्त जानकारी विहिप जिला मंत्री अनूप श्रीवास ने दी।

# जिला स्तर के अधिकारी अधीनस्थ कार्यालय एवं अधिकारियों पर नियंत्रण रखें - कलेक्टर

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिलास्तरीय अधिकारियों से कहा कि विभागाध्यक्ष का दायित्व है कि अपने अधीनस्थ कार्यालय और अधिकारियों पर नियंत्रण रखें। अधीनस्थ कार्यालय और अधिकारियों का सतत मूल्यांकन करें। उनके कार्यों का मूल्यांकन करें, साथ ही साथ विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लायें। कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के चलते विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सभी विभागीय अधिकारी एक्शन मोड में कार्य करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लायें। नये सिरे से योजनाओं का आकलन करते हुए योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा गया है। कलेक्टर ने आगे कहा कि उच्च अधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देशों का स्वयं पालन करते हुए अधीनस्थ कार्यालय को भी दिए गए निर्देशों का पालन करने के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने-

**○ किसानों को मिले पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज**
**○ आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलायें**

अपने मुख्यालय में नियमित रूप से उपस्थित होकर योजना के क्रियान्वयन और जनसरोकार से जुड़े हुए कार्यों को प्राथमिकता देते हुए दायित्व निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को इसकी जानकारी देवें। जिले में किसी भी दशा में कहीं भी अप्रिय घटना घटित ना हो, इसके लिए स्वयं सतर्क रहें और विभागीय अमला को भी संवेदनशील से कार्य करने के लिए तैयार रखें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नया शिक्षा सत्र से शाला प्रारंभ की तैयारी की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्कूल, आश्रम छात्रावास में सभी तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत में बनाए गए चारागाह में पशुओं के लिए घास लगाने के कार्य को अपेक्षा अनुरूप शीघ्र प्रारंभ कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने जिले में खाद बीज के भंडारण और किसानों को किए गए वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सोसाइटी में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज का भंडारण रखें। किसानों की मांग पर उन्हें आवश्यक मात्रा में खाद-बीच उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण करने के निर्देश दिए गए हैं। पौधारोपण के लिए उद्यानिकी विभाग, वन विभाग को संयुक्त रूप से आवश्यक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता से कहा है कि जिले में मानसून के दौरान आकाशीय बिजली से कहीं भी जनधन की हानि ना हो, इसके लिए नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। आकाशीय बिजली से गिरने के दौरान राहत एवं बचाव के संबंध में नागरिक में जागरूकता अभियान चलाने कहा गया है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक अधिकारी हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेंन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# धोबेदंड में आदिवासी परिवार से धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने के मामले में आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

**मोहला पुलिस की बड़ी कार्यवाही**



मोहला (दावा)। पुलिस अधीक्षक वॉय.पी. सिंह (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अर्जुन कुर्रे के मार्गदर्शन में अवैध कार्य में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चन्द्रा के कुशल नेतृत्व में लगातार थाना मोहला क्षेत्र में पेट्रोलिंग कराया जा रहा है तथा अपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए कार्यवाही की जा रही है।

इसी तारतम्य में पीड़ित परिवार श्रवण कोर्राम व रंजीत कोर्राम द्वारा दिये गये शिकायत आवेदन जॉच पर से ग्राम धोबेदण्ड तहसील मोहला, श्रवण कुमार कोर्राम व रंजीत कोर्राम, सोनबाई एवं रामे बाई के नाम पर खसरा नम्बर 148 में कुल 6.58 एकड़ भूमि है परिवारवालों की जरूरतवश 2.50 एकड़ जमीन बेचने के संबंध में बातचीत होने पर संजय मिश्रा एवं रेमन्त देवांगन दोनों निवासी ग्राम मोहला उसके घर आकर जमीन के दस्तावेज एवं बैंक पासबुक मांगकर अपने पास रख लिये तथा बहुत सारा कूट रचित कागजात में हस्ताक्षर करवाये कुछ दिनों के बाद उसके बच्चे की जाति व निवास प्रमाण पत्र बनवाने हेतु बी-1 निकलवाने पर उसे जानकारी हुआ कि बिना उसकी जानकारी के लगभग 4 एकड़ जमीन की बिक्री हो गयी है। पीड़ित परिवार के द्वारा किसान किताब मांगे जाने पर, संजय मिश्रा द्वारा आज दूंगा, कल दूंगा कहकर घुमाया गया और आज तक पर्चा नही दिया। संजय मिश्रा एवं रेमन्त देवांगन द्वारा निजी हित की पूर्ति के उदेश्य से छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा 165 (6) (1) में वर्णित प्रावधानों से बचने के लिए आवेदकगणों (पीड़ित परिवार) को धोखे में रखकर उनकी जमीन का मुख्त्यारनामा बनवाकर छ्ल कपटपूर्वक तरीके से खरीदी बिक्री करायी गयी साथ ही संजय मिश्रा एवं रेमन्त देवांगन द्वारा ओमकली पिता परमेश्वर हल्वा (जनजाति) जो कि मुख्त्यार आम प्राप्तकर्ता को सामने रखकर उसके नाम पर पॉवर ऑफ एटार्नी तैयार करवाकर, आदिवासी जमीन को क्रय विक्रय कराने का षड़यंत्र युक्तियुक्त तैयार किया गया है। संजय मिश्रा एवं रेमन्त देवांगन इस षड़यंत्र एवं कपटपूर्ण अंतरण जैसे कृत्य कर साथ ही ओमकली पिता परमेश्वर हल्बा निवासी चापाटोला (मुख्त्यार आम प्राप्तकर्ता) पॉवर ऑफ एटॉर्नी में निहित शर्तों के उल्लघन पाये जाने से, आरोपियों के विरूद्ध थाना मोहला में अपराध क्रमांक 81/2024 धारा 420, 467, 468,471, 472,120-बी, 34 भादंवि एवं 3(1) (i1), 3(2) (1ए) अनुसूचित, जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 तथा ओमकली के विरूद्ध उसके जनजाति होने के कारण उपरोक्त लिखित भादवि में अपराध में षड़यंत्र पूर्वक सहयोग करने का अपराध कारित करना पाए जाने पर, अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपीगण संजय मिश्रा पिता आदित्य नारायण मिश्रा उम्र 43 साल निवासी राजाबाड़ा मोहला थाना मोहला, रेमन्त देवांगन पिता हेमंत देवांगन उम्र 37 साल निवासी वागिनसुर रोड़ थाना मोहला जिला मोहला मानपुर अं.चौकी व ओमकली पिता परमेश्वर जाति हल्बा उम्र 21 साल निवासी चापाटोला थाना खड़गाँव जिला मोहला मानपुर अं.चौकी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायालय पेश किया जाता हैं। उक्त कार्यवाही में सउनि दिलीप चन्द्रवंशी, प्रधान आरक्षक प्रकाशन एन.व्ही, प्रधान आरक्षक मोहन चंदेल, आरक्षक विरेन्द्र रजक, आर. राकेश कुंजाम, आरक्षक अनमोल वैष्णव, आरक्षक वृंदा प्रसाद पाटिल का सराहनीय योगदान रहा।

# किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज समय पर उपलब्ध कराएं - कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बीज निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के किसानों को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिससे किसान बीज का सही समय में उपयोग कर सकें और अच्छी पैदावार ले सकें। उन्होंने किसानों को धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। छोटे किसानों को मिलेट्स, दलहन, तिलहन जैसी फसल लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने दलहन-तिलहन फसल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने खेती-किसानी कार्य को देखते हुए खाद-बीज के अग्रिम उठाव के लिए वितरण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में 11245.20 क्विंटल बीज का भंडारण हो चुका है और किसानों को 10121.09 क्विंटल बीज वितरण किया जा चुका है तथा 1124.11 क्विंटल बीज किसानों के वितरण के लिए शेष है। धान, सोयाबीन, अरहर, उड़द, तिल, मूंग, कुल्थी, कोदो, कुटकी, सन, रागी, मुंगफली, मक्का बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तरह जिले में खरीफ 2024 अंतर्गत 46221.96 मीट्रिक टन रासायनिक खाद भण्डारण किया गया है। जिसमें से 35805.81 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है तथा 10416.15 मीट्रिक टन रासायनिक खाद शेष है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, उपायुक्त सहकारिता सुश्री शिल्पा अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने खाद-बीज वितरण की समीक्षा की**

# देशी धान बीज वितरण एवं कृषक प्रशिक्षण आयोजित



बांधाबाजार (दावा)। बहु अंतर्राष्ट्रीय कंपनी ने मानव के दिल दिमाग में अधिक उत्पादन का प्रलोभन देकर गांव की जमीन में रासायनिक खाद दवाई के प्रभाव के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति को कमजोर तथा आर्थिक बोझ बड़ा दिया है। तथा गांव की देसी पारंपरिक धान बीज विलुप्त के कगार पर है । इसे दृष्टिगत रखते हुए समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा कार्यक्षेत्र अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम पड़की तथा ग्राम पांगरी और मोहला ब्लॉक के ग्राम चिरचारी माधोपुर के उत्साही जागरूक किसान भाई बहनों को जैविक पारंपरिक देसी धान बीज का वितरण 5 जून से अनवरत 11 जून तक किया गया है। साथ ही ग्रामीण कृषक भाई एवं बहनों को पारंपरिक जैविक धान की खेती पर प्रशिक्षण दिया गया था। संस्था के रिसोर्स पर्सन जयदेव मोहुर्ले ने जैविक खाद दवाई जीवामृत, वर्मी कंपोस्ट, नाडेफ खाद आदि बनाने की विधि बताया। देसी धान लुचई गुरमटीया दुबराज काली कमोड, पीली लुचई को उपचारित तथा गुणवत्ता पूर्ण बनाने की विधि, बीज बोने की विधि, बीज का उचित प्रबंधन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था द्वारा वितरित किए किसान भाइयों बहनों का नाम क्रमशः सुरेंद्र कुमार धुर्वे, सावत राम नायक, दिनेश कुमार, किरण बाई, उत्तरा बाई, लच्छतीन बाई, पुष्पा बाई, चैती बाई, देवकली बाई, रमेश कुमार टेकाम, रघुवीर सिंह, बंशीलाल, सियाराम तुलावी, रूपसाय, संतराम ग्राम चिरचारी के निवासी है। ग्राम पड़की से मान सिंह कवड़ो, हरिराम कोमरे, श्रीराम कोमरे, जमुना बाई, भागो बाई, विनोद कुमार मंडावी, बिसाल सिंह, निर्मल, रेवती बाई, ललिता बाई, बैशाखीन बाई आदि सभी ग्राम पड़की विकासखंड अंबागढ़ चौकी के मूल निवासी है। इसी तरह ग्राम पांगरी से खोरबहरा राम यादव, दुरुग साय कोरेटी के रहने वाले है। अर्जुन सिंह कुमेटी मूलतः माधोपुर तहसील मोहला के निवासी है। संस्था का उद्देश्य लोगो को जैविक खेती की ओर उन्मुख करना। तथा पारम्परिक देसी धान बीज का संरक्षण संवर्धन प्रबंधन करना है। इस प्रशिक्षण में उत्साही जागरूक 11 महिला 14 पुरुष ने भाग लिया था। अर्थात इस प्रशिक्षण में कुल 25 लोगों ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने अर्जुन कुमेटी का महत्वपूर्ण योगदान था।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ली कानून व्यवस्था की बैठक



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कई जगहों की घटनाओं का जिक्र करते कहा की सभी राजस्व एवं पुलिस अधिकारी सचेत रहे। कहीं भी किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना की आशंका होने पर तत्काल सूचना दें। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी अप्रिय घटना की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्य करें। किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें। ताकि समय पर कार्यवाही की जा सकें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों पर निगरानी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि गंडई में आयोजित होने वाले शिव महापुराण हेतु भीड़ को नियंत्रित रखने विशेष व्यवस्था रखे। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस अधिकारिओ को आपसी सामंजस्य स्थापित कर टीम वर्क के साथ काम करने कहा। इसके साथ ही समय समय पर थाना एवं अनुविभागीय स्तर पर संयुक्त बैठक आयोजित भी करें। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने राजस्वी एवं पुलिस अधिकारियों को शांति समिति की बैठक भी आयोजित करने के भी निर्देश दिए। जिससे की स्थानीय स्तर की समस्याओं को जान सकें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज के धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर, समाज प्रमुखों से सतत सम्पर्क करते हुए समाज प्रमुखों की बैठक ले। उन्होंने कहा कि जिले में धार्मिक महत्व के स्थलों को चिन्हांकित करें ताकि सीसीटीवी कैमरा लगा कर निगरानी की जा सकें। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर छेड़छड करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों से कहा की आप के कार्यालय में कोई आम नागरिक समस्या ले के आए उनकी समस्या को विनम्र पूर्वक सुने। इसी प्रकार कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने हिंसा एवं प्रदर्शन के संभावित कारणों एवं उसके रोकथाम संबंधित उपायों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।।

**राजस्व और पुलिस अधिकारी आपसी सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें- कलेक्टर**

पुलिस अधिक्षक त्रिलोक बंसल ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन हो, शांति व्यवस्था बना के रखे, राजस्व एवं पुलिस अधिकारी आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटी सी छोटी घटनाओं को उच्च अधिकारियों को सूचित करे। ताकि कोई बड़ी घटना का रूप न ले। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पूरी निष्ट के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम छुईखदान-गंडई रेणुका रात्रे, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान मिशन ऑफलाइन प्रशिक्षण में पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी



साल्हेवारा (दावा)। प्राथमिक शिक्षकों के लिए एफएलएन आधारित चार दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण जोन साल्हेवारा में 10 जून को प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना, शिरीश पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी अधिकारी कन्हैया पटेल, और सजेस साल्हेवारा प्राचार्य बहादुर सिंह खुशरो का आगमन हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में एफएलएन के महत्व बताया एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से प्रशिक्षण संबंधित जानकारी लिए तथा आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन देकर हम सभी को शिक्षा गुणवत्ता पर अधिक ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। प्रथम चरण के इस प्रशिक्षण में कुल पंजीकृत 74 शिक्षकों को तीन डी.आर. जी क्रमशः अरूण कुमार कोशे, परमेश्वर कौशिक एवं धनीराम डड़सेना द्वारा कुशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में संकुल साल्हेवारा, सरईपतेरा, नचनिया, आमगांव घाट, रामपुर, कोपरो, कुम्हरवाड़ा, बकरकट्टा, मोहगांव, पैलीमेटा के शिक्षक उपस्थित हो रहे है। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी को अपने बीच पाकर सभी शिक्षक के चेहरे खिल गए। यह प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान को बेहतर बनाने में मील के पत्थर साबित होगा। यह जानकारी मुरली मनोहर वर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला बांधाटोला द्वारा दिया गया।

# हम फिर से उठेंगे और पूरी उर्जा के साथ लड़ेंगे: भूपेश बघेल

राजनांदगांव (दावा)। राजनीति में हार और जीत तो लगी रहती है इसमें हताश होने वाली कोई बात नहीं है हम फिर से उठेंगे और पूरी उर्जा के साथ लड़ेंगे। हम जनता के हक और अधिकार के लिए सदैव आवाज बुलंद करेंगे। उक्त बातें पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहीं जो लोकसभा 2024 के चुनाव परिणाम पश्चात बुधवार 12 जून को राजनांदगांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं से आभार जताने पहुंचे थे।

शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव परिणाम के पश्चात लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्येक विधानसभा में कार्यकर्ताओं के बीच आभार प्रदर्शन करने पहुंच रहे हैं, इसी कड़ी में आज 12 जून को स्थानीय होटल में राजनांदगांव विधानसभा के शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले समस्त बूथ, जोन तथा वरिष्ठ कांग्रेसजनों से आभार जताने पहुंचे। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पूरे कांग्रेसजनों व बूथ अध्यक्षों ने कड़ी मेहनत की फिर भी परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहें। कांग्रेसजनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम जनता की परेशानी व उनके हक के लिए आगे भी संघर्ष करेंगे। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष व कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पूरी मेहनत की परंतु कहीं न कही अपनी बात आम जनमानस तक पहुंचाने में विफल हुए, जनादेश हम विनम्रता पूर्वक स्वीकार करते है।



राजनांदगांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं से आभार जताने पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल

पूर्व सीएम व लोकसभा प्रत्याशी रहे भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पूरे राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों की भांति राजनांदगांव विधानसभा के सभी कांग्रेसजनों ने भरपूर मेहनत की फिर भी आशाजनक परिणाम नहीं मिले। राजनीति में हार और जीत तो लगी रहती है इसमें हताश होने वाली कोई बात नहीं है हम फिर से उठेंगे और पूरी ऊर्जा के साथ लड़ेंगे। हम जनता के हक और अधिकार के लिए सदैव आवाज बुलंद करेंगे। श्री बघेल ने कहा कि भाजपा का चुनाव प्रचार देश के मुख्य मुद्दे 'महंगाई, बेरोजगारी और केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग से' कोसो दूर रहा। वहीं हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा का अच्छा प्रतिसाद कांग्रेस को मिला और हमारा प्रदर्शन पिछले लोकसभा चुनाव से अच्छा रहा। जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से बमुश्किल डेढ़ लाख वोटो से जीते जबकि हमारे नेता राहुल गांधी रायबरेली और वायनाड दोनों सीटों से साढ़े तीन लाख से अधिक वोटों से जीते, यह बताता है कि मोदी की गारंटी फीकी रही है।

पूर्व सीएम श्री बघेल ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वर्तमान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का भरपूर विरोध करें और जनता की हक की लड़ाई व न्याय के लिए कमर कस लें, आगे नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तैयार रहे।

इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, जितेन्द्र मुदलियार, श्रीकिशन खंडेलवाल, शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, पदम कोठारी, सुदेश देशमुख, कमलजीत सिंह पिन्टू, पंकज बाधव, रमेश खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, इकरामुद्दीन सोलंकी, दिनेश शर्मा, गोवर्धन देशमुख, अंगेश्वर देशमुख, रमेश राठौर, हरिनारायण धकेता, अंजुम अल्वी, मोती साहू, महेन्द्र यादव, श्रीमती रूबिना अल्वी, मेहुल मारू, अशोक पंजवानी, चित्ररेखा वर्मा, सूर्यकुमार खिलारी, विवेक वासनिक, प्रकाशचंद बाफना, सुनीता ठाकुर, मोहिनी सिन्हा, झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, ज्योति शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, घनश्याम देवांगन, रोहित चंद्राकर, आफताब अहमद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, पार्षद दुलारी साहू, मनीष साहू, विनय झा, सुनिता फडनवीस, चंद्रकला देवांगन, महेश साहू, मनीष साहू, ऋषि शास्त्री, पूर्णिमा नागदेवे, अमिन हुद्दा, अभिमन्यु मिश्रा, मनीष गौतम, अजय मारकंडे, खिलेश्वर पाल, डॉ.राकेश कुमार, अरशद खान, अतुल शर्मा, खिलेश बंजारे, अवधेश प्रजापति, रीना पटेल, जयनारायण सिंह, शकील रिजवी, सुनीता सिन्हा, आरबी मिश्रा, मदन साहू, प्रतिमा बंजारे, प्रीति वैष्णव, अमर ठाकुर, रीना पटेल, योगेन्द्र दास वैष्णव, नारायण सोनी, मामराज अग्रवाल, शैलेश ठावरे, दिलीप चंद्राकर, भरत सोनी, खैरूनिशा, शैलेष रामटेके, राहुल देवांगन, संदीप जायसवाल, संगीता सिन्हा, अब्बास खान, सुरेन्द्र देवांगन, ललिता साहू, प्रवीण मेश्राम, प्रियेश मेश्राम, देवेन्द्र साहू, छोटू साहू, सुरेन्द्र गजभिए, बंटी यादव, प्रभा वैष्णव, चम्पा चंद्राकर, भोज साहू, रवि साहू, हनीफ खान, चुम्मन निषाद, नंदलाल, इंशाक खान, शेषनारायण सिंह, नीरज कनौजे, यादवराम भिमटे, शंकर देशलहरा, रेखलाल साहू, धन्ना साहू, नरेश साहू, नरेन्द्र दास वैष्णव, गोपी रजक, शकुर चौहान, बिसे पटेल, डेहर साहू, रोहित यादव, तुलदास साहू, लोकेश गगवेर, संदीप सोनी, ललिता साहू, लक्ष्मी साहू, रहिम मेमन, विजय साहू, प्रभा साहू, कपिल देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## घरों से निकलने वाले गीला कचरा से एसएलआरएम सेन्टर में बन रहा जैविक खाद





राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत प्रतिदिन घरों से निकलने वाले गीला एवं सुखा कचरे को स्वच्छता दीदीयॉ एकत्रीकरण करती है और उसे एसएलआरएम सेन्टरों में पृथककरण किया जाता है तथा गीला कचरा से सेन्टर में ही जैविक व वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। उक्त खाद उद्यानों, नर्सरी व पेड पौधों के लिये अत्यंत उपयोगी है, जिसे निगम के एसएलआरएम सेन्टरों से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है।

खाद के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि बाजार एव घर से निकलने वाले कचरा जिसे स्वच्छता दीदीयॉं डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से गीला एवं सुखा कचरा संग्रहण करते है, जिसे एसएलआरएम सेन्टर में उनके द्वारा पृथककरण किया जाता है और गीला कचरा व पत्तियॉं आदि से खाद बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 60 दिन की प्रक्रिया में पीठ एवं कम्पोस्ट मशीन के माध्यम से खाद का निर्माण किया जाता है, प्रक्रिया के तहत डी-कम्पोस्ट व गोबर घोल डालकर उलट पलट किया जाता है, जिसे 60 दिन के उपरांत जैविक तथा वर्मी खाद का उत्पादन होता है।

**नर्सरी फूल पौधों के लिये अत्यंत उपयोगी खाद**

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद किचन गार्डन, सब्जी बागवानी, घरों के उद्यानों, तथा कृषि फसलों हेतु अत्यंत उपयोगी है। यह शुद्ध देशी खाद है, जिसे गीला कचरा व पत्तियों आदि से बनाया जाता है, इस खाद में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं मिला होता है, जिस कारण से यह खाद फसलों, सब्जियों आदि की अधिक पैदावार हेतु अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद का पर्याप्त भण्डारण निगम के पास है, जिसे नवागॉव, रेवाडीह, लखोली व मोहारा के एसएलआरएम सेन्टर से बाजार मूल्य से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात में फसलों, नर्सरी, पेड पौधों सब्जी के उत्पादन में उक्त खाद बहुत उपयोगी व उपजाउ साबित होगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों एवं कृषकों से अपील करते हुये कहा है कि केमिकल मुक्त जैविक तथा वर्मी खाद का अपने उद्यानों व फसलों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने एवं शुद्ध उत्पादन के लिये उपयोग करने एसएलआरएम सेन्टरों से न्यूनतम दर पर प्राप्त कर सकते है।

## अवैध प्लाटिंग, अवैध खनन और अवैध शराब बंद करवाने के लिए शमसुल आलम ने किया प्रदर्शन




राजनांदगांव (दावा)। जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने शहर के चिखली के लक्ष्मीबाई वार्ड नंबर-10 में हो रहे अवैध प्लाटिंग पर रोक, जिले के कोने-कोने में चल रहे अवैध खनन पर रोक तथा शहर में खुले आम बिक रहे अवैध शराब पर रोक लगाकर कार्यवाही करने के लिए प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, संभाग आयुक्त तथा पुलिस महानिरीक्षक और जिलाधीश के नाम तहसीलदार मनीष वर्मा को ज्ञापन सौंपा है।

जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने बताया नगर निगम के वार्ड नंबर 10 लक्ष्मीबाई वार्ड में अवैध प्लॉटिंग की शिकायत वार्डवासियों के द्वारा की गई थी, तब दिखावे की कार्यवाही निगम द्वारा की गई थी और वाहवाही लूटी गई थी, पर कुछ समय पश्चात बड़े रूप में मुरूम की सड़क बनवाकर अवैध प्लॉटिंग शुरू की गई। साथ ही साथ वार्ड पार्षद के संरक्षण में श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे के संरक्षण में ट्यूबलर पोल लगाए गए। पिछले महीने सूचना का अधिकार नियम से जानकारी की मांग करने पर तत्काल ट्यूबलर पोल को काटकर वार्ड में शिफ्ट करवा दिया गया, जिसकी संपूर्ण फोटो की छायाप्रति ज्ञापन के साथ प्रस्तुत की गई है। साथ ही साथ शमसुल ने निगम कमिश्नर श्री गुप्ता को आड़े हाथ लेते हुए भू-माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

शमसुल ने कहा निगम कमिश्नर से मुलाकात करने पर उनके द्वारा गोल मोल जवाब दिया गया था। राजस्व विभाग से कार्यवाही करने कभी एसडीएम कभी कलेक्टर से कार्यवाही करने बोलो कहा गया, जिस पर श्री आलम ने कहा कि गरीब ठेले वाले के ठेले निगम कमिश्नर उखाड़ कर फेंक सकते है, पर अमीर भू-माफियाओं पर कार्यवाही करने की हिम्मत नही जुटा पा रहे हैं, इसके पश्चात शमसुल ने कहा कि डोंगरगांव और सोमनी क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रेत खनन व भंडारण किया जा रहा है और तुमडीलेवा और भटगांव, तिलाई तरफ अवैध मुरूम उत्खनन किया जा रहा है, जिसमें भाजपा और कांग्रेस के कुछ लोग संलिप्त हैं जिस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। साथ ही साथ शहर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब खुले आम बेची जा रही है, जिसमें पुलिस विभाग के कुछ अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

शमसुल आलम ने चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल प्रभाव से जांच कर दोषियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो उग्र प्रदर्शन के लिए शासन-प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ जिला महासचिव नमन पटेल, संदीप सूर्यवंशी, मिलाप बघेल, जिला सचिव तामेश्वर पटेल, आदि निषाद, आकाश साहू, अनिकेत पटेल, नितिन ठाकुर, खोमन पटेल आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आभार रैली में भ्रमण कर सांसद लेंगे शहरवासियों का आशीर्वाद



**शहर भाजपा मंडल द्वारा आज सांसद पांडे का भव्य स्वागत किया जाएगा**

डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा शहर मंडल डोंगरगढ़ द्वारा आज 13 जून दिन गुरुवार को राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय का शहर आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। सांसद पांडे आभार रैली के माध्यम से, डोंगरगढ़ शहर की जनता का आभार करने आज डोंगरगढ़ आ रहे है।

भाजपा मीडिया प्रभारी (विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़) विजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि डोंगरगढ़ शहर के महावीर मंदिर प्रांगण से आभार रैली निकाली जाएगी। जो अग्रसेन चौक जयस्तंभ चौक, खंडू पारा, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, गोल बाजार, जनता ड्रेसेस, मस्जिद होते हुए जयस्तंभ चौक राम मंदिर में समाप्त होगी।

## यामिनी कला केंद्र ने भावी डॉ. चंचल को दी बधाई

राजनांदगांव (दावा)। देश की प्रतिष्ठित संस्था अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) एवं अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा नीट 2024 में उत्कृष्ट अंकों के साथ चयनित होने पर चंचल देवांगन को यामिनी क्रीड़ा एवं कला केंद्र राजनांदगाव ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। संस्था के अध्यक्ष रीतेश देवांगन, सचिव पूनाराम यादव, वरिष्ठ सदस्य उमाशंकर साहू, भीष्म देवांगन, श्रीमती लता देवांगन, सेविता देवांगन, पारुल डुंभरे आदि ने चंचल को उनके निवास स्थान पर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एम्स में प्रवेश लेने की इच्छा रखने वाली मेधावी छात्र चंचल ने नीट-2024 में 720 में से 688 अंक अर्जित कर उक्त सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर चंचल के पिता आयकर निरीक्षक उदेराम देवांगन, माता श्रीमती हेमलता देवांगन, बहन नेहा देवांगन, काव्य देवांगन, पृष्टि देवांगन आदि उपस्थित थे।



## राजेश श्यामकर के नेतृत्व में डॉ. रमन सिंह का तिलई चौक में किया स्वागत



उपरवाह (दावा)। बीते दिनों विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ठेलकाडीह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जिला पंचायत सदस्य व डोंगरगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर एवं घुमका मंडल के नेतृत्व में सैकडों कार्यकर्ताओं महिलाओं व ग्रामीणों ने डॉ. रमन सिंह भव्य जोशीला स्वागत किया। महिलाओं ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का स्वागत करते हुये उत्तम व लम्बी दीर्घायु की कामना की और कहा कि अब भी आपके नेतृत्व में 2024 में केन्द्र में मोदी जी की सरकार बन रही है और आगे भी भाजपा की ही सरकार बनेगी। डॉ. रमन सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त भी किया। और इस क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं का हाल चाल पूछा। इस स्वागत कार्यक्रम में जिला के पदाधिकारिगण तथा घुमका मंडल के सभी पदाधिकारीगण और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

इस अवसर पर घुमका मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, महामंत्री परदेसी भाई, नरेंद्र वर्मा, राकेश साहू, मोहन साहू, श्यामलाल वर्मा, गोपी साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष नोमेश वर्मा, हेमंत मेश्राम, टाकेश सिन्हा, टीलेश्वर सिन्हा, ललित वर्मा, वीरेंद्र सोनी, कमलेश उजवने, राजेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

## लायन तरनदीप सिंग अरोरा लायंस क्लब सिटी के अध्यक्ष बने



अध्यक्ष ला.तरनदीपअरोड़ा



सचिव ला.डॉ. गिरीश श्रीवास्तव



कोषाध्यक्ष ला.कमलकिशोर साहू

राजनांदगांव (दावा)। लायंस इंटरनेशनल के लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी वर्ष 2024-25 की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह उमंग एवं उत्साह के साथ शहर के एबीस ग्रीन में संपन्न हुआ।

नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष ला.तरनदीप अरोड़ा, सचिव ला. डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष ला. एडवोकेट कमल किशोर साहू तथा प्रथम उपाध्यक्ष ला. रानू जैन, द्वितीय उपाध्यक्ष ला मयंक शर्मा, टेमर ला.शोभा चौरसिया, टेल ट्विस्टर ला.कंचन चौबे, सह सचिव ला.पवन पटेल, सह कोषाध्यक्ष ला.राजेश नागवानी, डायरेक्टर लायंस- ला.अनीता जैन, ला. अशोक पवार,ला. अशोक तेजवानी, ला.गोवर्धन लालवानी, ला. नंदलाल पंजवानी ला. रमेश गुप्ता, ला. समीर पोद्दार, ला.श्याम चरण गुप्ता, ला. सुदामा मोटलानी, ला.सुरेश गांधी, ला.सुरेश शर्मा एवं ला.सुशील जैन द्वारा शपथ लिया गया। कोऑर्डिनेटर लायंस- लायन बलदेव भाटिया, लायन बहादुर अली, ला. अशोक चौधरी, ला. सुनील अग्रवाल, ला. राजेश जैन कार्यकारिणी के अग्रणी सहयोगी रहेंगे।

लायंस इंटरनेशनल की ओर से मुख्य अतिथि एमजेएफ ला. शैलेश अग्रवाल रायगढ़ की आधिकारिक यात्रा एवं शपथ ग्रहण समारोह के उद्बबोधन में लायनवाद की गौरवशाली कार्य शैली पर संवाद से लायंस सदस्यगण लाभान्वित हुए। शपथ अधिकारी पी.डी.जी.; एम.जे.एफ. ला.अमरजीत सिंह दत्ता रायपुर द्वारा पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ी भाषा में रोचक शैली से विधिपूर्वक कराई गई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने प्रथम संबोधन में क्लब द्वारा राजकीय हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग एवं सामाजिक सेवा कार्यों पर केंद्रित प्रकल्प करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त किया गया। शपथ समारोह में विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन ला.मीनाक्षी अग्रवाल दुर्ग, एम.जे.एफ. लायन बृजकिशोर सुरजन, आशीर्वादक पूर्व गवर्नर ला.पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना, रीजन चेयर पर्सन ला. राजेश (राजू) जैन, पेट्रोन ला.उमेद कोठारी, ला.संतोष लोहिया, ला. रत्ना ओस्तवाल, ला.नंदकुमार अग्रवाल, ला. सुशील पसारी एवं वरिष्ठ लायंस परिवार की गरिमामय में उपस्थिति में आयोजित हुई।

कार्यक्रम का आयोजन सत्र 2023-24 के ला.रियाज अब्बासी की अध्यक्षता में वार्षिक प्रतिवेदन सचिव ला. मुकेश चौबे द्वारा क्लब द्वारा किए सेवा कार्यों में फूड फॉर हंगर शीतकाल में जरूरतमंदों को कंबल वितरण स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु लायन सुशील जैन छाबड़ा एवं सदस्यों द्वारा पौधारोपण की प्रस्तुत की गई द्य लायंस क्लब सिटी राजनांदगांव द्वारा स्थाई प्रोजेक्ट में नवरात्रि पर्व पर गरबा उत्सव आयोजन में शहर के विशिष्ट गणमान्यों की सहयोग एवं हजारों नागरिकों की सहभागिता एवं नागरिक सम्मान हेतु प्रकल्प संरक्षक ला. बृजकिशोर किशोर सुरजन एवं ला. राजा मखीजा के सहयोग के प्रति की सराहना आने वाले सत्र में भव्यतापूर्ण आयोजन की आशा व्यक्त किया गया।

स्कूली विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु स्थाई प्रकल्प टॉप 10 के संस्थापक ला. सुनील बरडिया एवं परिवार की सहभागिता तथा लायन मनोज गुप्ता का सक्रिय सहयोग हेतु प्रशंसा पात्र रहे। कार्यक्रम के संचालन ला. गुरदीप बग्गा एवं संयोजन ला. प्रकाश श्री श्रीमाल द्वारा विशिष्ट सेवा कार्य हेतु सदस्यों का सम्मान तथा सफल आयोजन हेतु सचिव लायन डॉ गिरीश श्रीवास्तव तुमड़ीबोड द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## डोंगरगढ़ से शुरू हुई क्यूआर कोड से कैशलेश लेन-देन सुविधा राजनांदगांव में भी होगी शुरू

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ के रेल्वे स्टेशन में गत 26 मई से यूआर कोर्ड के माध्यम से शुरू की गई कैश लेश लेन-देन अब राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन में भी शीघ्र हो शुरू होने वाली है।

नागपुर रेलमंडल सूत्रों के अनुसार राजनांदगांव ही नहीं इतवारी, भंडारा रोड, गोंदिया स्टेशनों में भी शीघ्र ही क्यूआर कोड लगा दिया जाएगा। बता दे कि नागपुर रेल मंडल में कुल 96 अनारिक्षत 13 आरक्षित तथा 48 आरक्षित कम अनारक्षित टिकट काउंटर है तथा सभी काउंटरों पर अपडेट कर्नेल संस्करण 3.10 टर्मिनल लगाए गए है जो क्यूआर कोर्ड सिस्टम को आसानी से सपोर्ट करेगा।

### डिजिटल टिकटिंग योजना

बताया जाता है कि कैशलेस लेनदेन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेल्वे प्रशासन द्वारा डिजीटल टिकटिंग, सेल्फ टिकटिंग जैसी योजना चलाई जा रही है। अब रेल्वे द्वारा डीडीआईएस मशीनों में क्यूआर कोर्ड लगाने का काम किया जा रहा है। ताकि कोर्ड स्कैन कर यात्री मोबाइल से ही टिकट राशि का भुगतान कर सके।

नागपुर मंडल में कुल 22 स्टेशनों में 29 एटीवीएम मशीने उपलब्ध है। जिसे क्यूआर कोर्ड के माध्यम से अनारक्षित टिकट यात्रियों द्वारा खरीदा जाता है। इसके अलावा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस इतवारी भंडारा रोड, राजनांदगांव, गोदिया डोंगरगढ़, छिदवाड़ा से पेपर लेस टिकट हेतु यूटीएस आन मोबाईल एप से क्यूआर कोर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और इन स्टेशनों से किसी भी गंतव्य स्टेशनों हेतु पेपर लेस टिकट सरलता से खरीदी की जा सकती है।

**बिलासपुर रेल मंडल से भी की गई क्यूआर कोड डिस्प्ले की मांग**

### बिलासपुर रेल मंडल मंडल से मांग

बताया जाता है कि यात्रियों को दी जाने वाली रेल सुविधाओं में विस्तार करते हुए आरक्षित व अनारक्षित टिकट हेतु केशलेश लेनदेन के लिए '165 क्यू आर कोर्ड डिस्प्ले सह. फेयर रिविटर' की मांग मुख्यालय बिलासपुर से की गई है। और शीघ्र ही नागपुर रेल मंडल अंतर्गत आने वाले सभी रेल्वे स्टेशनों पर इसे उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे यात्री अपना आरक्षित तथा अनारक्षित टिकट कम समय में आसानी से खरीद सकेंगे। इससे समय की बचत तो होगी टिकट काउंटर में लाइन लगाने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## युवक ने छत से कूदकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अम्बागढ़ चौकी के वार्ड नंबर 1 मेरेगाँव स्थित राधे राधे फूड कार्नर में काम करने वाला युवक खिलेश्वर साहू निवासी आमगाँव थाना डोंगरगांव जो की बीती रात बिल्डिंग की छत से कूदकर आत्महत्या की। रात में 1 बजे के करीब मकान मालिक को पता चला, जो उसी बिल्डिंग में रहते है। तत्काल 112 की मदद से अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस अम्बागढ़ चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करवाकर शव को पंचनामा कर परिवार वालों को सौप दिया। आगे पुलिस जांच कर रही है आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

आवश्यकता है
रात्रिकालिन चौकीदार की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726



# पहला कॉलम...

## जसप्रीत बुमराह ने आईसीसी रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग

नई दिल्ली। आईसीसी की ओर से जारी की गई टी20 की नई रैंकिंग में बदलाव हुए हैं। टॉप 10 में कई बड़े और अहम फेरबदल देखने के लिए मिल रहे हैं। जहां एक ओर कई खिलाड़ियों ने अपनी रेटिंग और रैंकिंग बढ़ाई है, वहीं कुछ को नुकसान भी हुआ है। इस बीच टी20 वर्ल्ड कप के पहले दो मैचों में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह ने इस बार की रैंकिंग में लंबी छलांग मार दी है। बुमराह की बात करेंगे, लेकिन इससे पहले आप टॉप 10 गेंदबाजों के बारे मे जान लीजिए। आईसीसी ने बताया है कि इस वक्त टी20 के नंबर एक गेंदबाज इंग्लैंड के आदिल रशीद हैं। वे 707 की रेटिंग के साथ इस वक्त टॉप की कुर्सी पर कब्जा जमाए हुए है। वहीं श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दूसरे स्थान पर हैं। उनकी रेटिंग 676 की है। टॉप 2 में तो कोई बदलाव नहीं है, लेकिन नंबर तीन पर अब अफगानिस्तान के राशिद खान आ गए हैं। उन्होंने एक साथ तीन स्थानों की उछाल ली है। उनकी रेटिंग 671 की है। साउथ अफ्रीका के एनरिक नोर्खिया ने भी चार स्थानों की छलांग मारी है। वे 662 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर हैं। अफगानिस्तान के फजल हक फारूखी को एक साथ 6 स्थानों का फायदा हो गया है। वे भी 662 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर नोर्खिया के साथ संयुक्त रूप से बने हुए हैं।

## दक्षिण कोरिया में लगे भूकंप के तेज झटके

सियोल। दक्षिण कोरिया में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। ये झटके दक्षिण-पश्चिमी काउंटी बुआन के निकटवर्ती क्षेत्रों महसूस किए गए हैं। मौसम एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई। एजेंसी के मुताबिक, यह 2024 में दक्षिण कोरिया में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप था। भूकंप के बाद किसी बड़े नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। उत्तरी जिओला प्रांत में अग्निशमन विभाग की एक अधिकारी जो हे-जिन ने बताया कि अधिकारियों को निवासियों से लगभग 80 कॉल प्राप्त हुईं जिनमें उन्होंने भूकंप आने की सूचना दी। उन्होंने कहा कि भूकंप की वजह से बुआन में एक घर की दीवार टूटने की खबर है। बता दें कि, भूकंप को तीव्रता के लिहाज से अलग-अलग कैटेगरी में रखा जाता है। 2.5 से 5.4 तीव्रता वाले भूकंप माइनर कैटेगरी में होते हैं। 5.5 से 6 तीव्रता वाले भूकंप को हल्का खतरनाक भूकंप माना जाता है, इसमें मामूली नुकसान होने की संभावना रहती है। अगर 6 से 7 तीव्रता का भूकंप आता है तो नुकसान होने की संभावना भी बढ़ जाती है। 7 से 7.9 के भूकंप को खतरनाक माना जाता है। इस तीव्रता के भूकंप से इमारतों में दरार या उनके गिरने की आशंका रहती है। इससे ऊपर की तीव्रता वाले सभी भूकंप को बेहद खतरनाक कैटेगरी में रखा जाता है।

## शेयर बाजार : सेंसेक्स में 246 अंक की उछला

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ खुले। बाजार के ज्यादातर सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स 246 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 76,702 अंक पर और निफ्टी 87 अंक या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 23,352 अंक पर था। बाजार में सकारात्मक रुझान बना हुआ है। खबर लिखे जाने तक एनएसई पर 1,660 शेयरों में तेजी और 328 में गिरावट थी। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 307 अंक या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 53,974 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 118 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 17,690 अंक पर है। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडिया वीआईएक्स दो प्रतिशत की गिरावट के साथ 14.45 पर है।

## प्रणय, आकर्षी और मालविका की जीत से शुरुआत, अनुपमा-समीर और किरण जॉर्ज भी जीते

सिडनी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके देश के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की है। पांचवीं वरीय इस शटलर ने ब्राजील के यगोर कोएल्हो 21-10, 23-21 से पराजित किया। वह अगले दौर में इस्राइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय, समीर वर्मा और किरन जॉर्ज ने भी अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया है। आकर्षी ने यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा को 21-14, 21-11 से हराया। मालविका ने अपनी ही साथी 21-10, 21-8 से हराया। अनुपमा उपाध्याय ने मलयेशिया की वांग लिंग चिंग को 21-14, 23-21 से, किरन जॉर्ज ने कनाडा के जियाओ डांग शेंग को 21-17, 21-10 से, समीर वर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के रिकी तांग को 21-10, 21-10 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। मिश्रित युगल में पति-पत्नी की जोड़ी बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने मलयेशिया की वांग तिएन सी और लिम च्यू सिएन को 21-17, 21-19 से हराया।

# भारतीय टीम की अमेरिका पर जीत से पाकिस्तान की उम्मीदें बरकरार, सूर्यकुमार-शिवम की शानदार साझेदारी

न्यूयॉर्क। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे की बेहतरीन साझेदारी के दम पर भारत ने अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर आठ चरण के लिए क्वालिफाई किया। अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 110 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन सूर्यकुमार और शिवम ने टीम को संभाला जिसके दम पर भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की।



भारत की इस टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है। भारत ने इस तरह न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर अब तक का सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त किया। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन और शिवम दुबे 35 गेंदों पर एक चौका और एक छक्का की मदद से 31 रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका की ओर से सौरभ नेत्रवलकर ने दो विकेट झटके। इस मैच से पहले भारत और अमेरिका ही ऐसी टीम थी जो ग्रुप-ए में अजेय चल रही थी। भारत का नेट रन रेट अपने ग्रुप में बेहतर था इसलिए उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय माना जा रहा था। अगर अमेरिका की टीम भारत को हराकर उलटफेर कर देती तो पाकिस्तान का सफर ग्रुप चरण में ही थम जाता।

हालांकि भारत की जीत से पाकिस्तान ने राहत की सांस ली है। ग्रुप- में भारत फिलहाल तीन मैचों में तीन जीत के साथ छह अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि हार के बावजूद अमेरिका की टीम तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान की टीम तीन मैचों में एक जीत और दो हार के साथ दो अंक लेकर तीसरे नंबर पर है। अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पहले ही ओवर में विराट कोहली को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। कोहली अमेरिका के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना आउट हुए। यह पहली बार है जब कोहली टी20 विश्व कप के किसी मैच में शून्य पर आउट हुए हैं। कोहली का बल्ला टी20 विश्व कप में बिलकुल भी नहीं चल पा रहा है। ग्रुप चरण के पहले तीन मैच में कोहली का बल्ला फ्लॉप रहा है और उन्होंने तीन मैचों में कुल पांच रन ही बनाए हैं। कोहली ने आयरलैंड के खिलाफ पांच गेंदों पर एक रन और पाकिस्तान के खिलाफ तीन गेंदों पर चार रन बनाए थे। सौरभ ने कोहली के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी पवेलियन भेजा जो छह गेंदों पर तीन रन बनाकर आउट हुए।

### भारत का टी20 विश्व कप में पावरप्ले का छठा न्यूनतम स्कोर

भारतीय बल्लेबाज शुरुआती झटकों के बाद दबाव में आ गए और पावरप्ले में ज्यादा रन नहीं बना सके। भारत ने अमेरिका के खिलाफ पावरप्ले में दो विकेट पर 33 रन बनाए जो उसका टी20 विश्व कप में पावरप्ले में छठा न्यूनतम स्कोर है।

### अमेरिका पर लगी पांच रन की पेनाल्टी

अमेरिका पर भारत की पारी के दौरान पांच रन की पेनाल्टी लगी। दरअसल, मैच में तीसरी बार हुआ जब अमेरिका की टीम समय से ओवर की शुरुआत नहीं कर सकी। नियम के अनुसार, किसी भी टीम के 60 सेकेंड के अंदर ओवर की शुरुआत करनी होती है, लेकिन भारत के खिलाफ तीन बार ऐसा हुआ जब अमेरिका की टीम समय से नए ओवर की शुरुआत नहीं कर सकी जिस वजह से उस पर पांच रनों की पेनाल्टी लगाई गई।

### अर्शदीप ने अमेरिका को दिए शुरुआती झटके

इससे पहले, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर अमेरिका को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, लेकिन तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुरुआती ओवर में अमेरिका को दो झटके देकर कप्तान का फैसला सही साबित करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। टीम इंडिया जब पहले गेंदबाजी करने उतरी तो पहला ओवर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को थमाया गया। उन्होंने मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया। मैच की पहली ही गेंद पर अर्शदीप ने शयन जहांगीर को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। जहांगीर खाता भी नहीं खोल सके। इसी ओवर में अर्शदीप ने एक और विकेट लिया। उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर आंद्रीज गौस (2) को हार्दिक पांड्या के हाथों कैच कराया। ये दो विकेट लेते ही अर्शदीप ने रिकॉर्ड बनाया।

# 16 साल में गेहूं की भंडार में आई कमी, अब आटा होगा महंगा

**विदेशों से करनी पड़ सकती है आयात**

नई दिल्ली। गेहूं एक साल में 8प्रतिशत महंगा हुआ है। पिछले 15 दिन में ही कीमतें 7प्रतिशत बड़ चुकी हैं, जो अगले 15 दिन में 7 प्रतिशत और बड़ सकती हैं। दरअसल, गेहूं के सरकारी भंडारों में हर वक्त तीन महीने का स्टॉक (138 लाख टन) होना चाहिए। मगर इस बार खरीद सत्र शुरू होने से पहले यह सिर्फ 75 लाख टन था। इससे पहले 2007-08 में 58 लाख टन रहा था यानी अभी यह 16 साल के न्यूनतम स्तर पर है।

2023 में यह 84 लाख टन, 2022 में 180 लाख टन और 2021 में 280 लाख टन स्टॉक था। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से दुनिया में गेहूं का सरकारी स्टॉक घटता जा रहा है। हालांकि, सरकार अभी तक कुल 264 लाख टन गेहूं खरीद चुकी है, लेकिन सरकारी लक्ष्य 372 लाख टन का है। खरीद का समय भी 22 जून तक बड़ा दिया है, लेकिन खरीद केंद्रों में नगण्य गेहूं ही आ रहा है। ऐसे में 'मुफ्त अनाज योजना', बीपीएल की जरूरतें पूरी करने के लिए तत्काल गेहूं का आयात करना पड़ सकता है। 6 साल में ये नौबत- जरूरी स्टॉक और फ्री अनाज योजना के लिए तत्काल आयात करना होगा । भारत ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया और यूक्रेन से 17-18 में 15 लाख टन गेहूं आयात किया था। 21-22 में कुल 80 लाख टन, 22-23 में 55 लाख टन और 2023-24 में 5 लाख टन गेहूं का निर्यात किया था।

### 15 दिन में 3 रुपए तक बढ़ सकते हैं दाम

फ्लोर मिल एसो. भोपाल के सुनील अग्रवाल का कहना है कि मिल वाले राखी से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन से पहले सरकारी स्टॉक की ओपन मार्केट में नीलामी का इंतजार कर रहे हैं। खुले बाजार में गेहूं 2600-2700 रु. क्विंटल है। ऐसे में 15 दिन में दाम 3 रु. बढ़ सकते हैं। महंगा गेहूं खरीदकर बना आटा 30-31 रु. किलो बेचना पड़ेगा। अभी 28 रु. है।

क्यों बढ़ेंगे दाम- प्रति एकड़ पैदावार 5 क्विंटल घटी, स्टॉक लिमिट से व्यापारियों के पास पुराना गेहूं खत्म गेहूं के फसल चक्र के दौरान कोहरे और हवा के कारण इसकी प्रति एकड़ उत्पादकता 5 क्विंटल तक कम हो गई। सामान्य स्थिति में पैदावार 20 क्विंटल तक होती है। मप्र में पिछली बार से 22.67 लाख टन कम खरीद हुई है। आटे के बढ़ते दामों को थामने के लिए सरकार ने व्यापारियों के लिए स्टॉक लिमिट लगा दी थी। वे 5000 क्विंटल से ज्यादा का भंडारण नहीं कर सकते थे। नतीजतन, व्यापारियों के पास गेहूं नहीं है। हर साल उनके पास पुराना गेहूं रहता है। इसलिए वे भी ज्यादा गेहूं खरीद रहे हैं। सरकार ने दामों पर नियंत्रण के लिए एक साल में कई बार गेहूं ओपन मार्केट में बेचा। इससे सरकारी स्टॉक में कमी आई। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, देश में 2023-24 में 11.2 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं की पैदावार का अनुमान है, जो पिछले साल करीब 11 करोड़ मीट्रिक टन था। यानी 20 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ने का अनुमान है।

# टी20 वर्ल्ड कप में नामीबिया और ओमान टीम हुई बाहर

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अभी तक 24 मैचों का खेल पूरा हो चुका है। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें खेल रही हैं, जिनकी नजर सुपर-8 में पहुंचने पर है। लेकिन इस टूर्नामेंट के बीच 2 टीमें सुपर-8 की रेस के बाहर हो गई हैं। ये दोनों ही टीमें ग्रुप स्टेज में कुछ कमाल नहीं कर सकी है। ऐसे में इन टीमों का सफर ग्रुप स्टेज तक ही रहेगा। ये टीमें ग्रुप स्टेज में अपने बचे हुए मैच खेलकर टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगी।



टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 24वें मैच में ऑस्ट्रेलिया और नामीबिया की टीमों का आमना-सामना हुआ। इस मैच में नामीबिया को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। ये इस टूर्नामेंट में नामीबिया की दूसरी हार है और वह अभी तक सिर्फ 1 मैच ही जीत सकी है। ऐसे में वह अब सुपर-8 की रेस से बाहर हो चुकी है। वहीं, ओमान की टीम भी सुपर-8 की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी है। उसे टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अभी तक एक भी जीत नसीब नहीं हुई है।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, जो सही साबित हुआ। नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेले गए मैच में नामीबिया की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 72 रन पर ही ऑल आउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाए और नौ विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत की हीरो एडम जम्पा रहे, जिन्होंने सिर्फ 12 रन खर्च कर चार विकेट चटकाए। नामीबिया और ओमान की टीमें ग्रुप-बी में है। ऐसे में इस ग्रुप में अब सुपर-8 की रेस में सिर्फ 3 टीमें ही बची है।

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत के साथ हुई बेईमानी



दोहा। फीफा विश्व कप क्वालीफायर में खराब रेफरिंग के कारण भारतीय फुटबॉल टीम को कतर से 1-2 से हार झेलनी पड़ी। एक बार फिर भारत फीफा विश्व कप के मंच पर इतिहास रचने से चूक गया। मैच के बाद भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने टीम के साथ हुई बेईमानी पर आवाज उठाई है।

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 2 मैच में कतर के विवादास्पद बराबरी के गोल को अपनी टीम के साथ अन्याय करार दिया। भारत का फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में क्वालीफाई करने का सपना एशियाई चैम्पियन कतर से विवादास्पद तरीके से 2-1 से हारने के बाद टूट गया। यह पूरा मामला मैच के 73वें मिनट में हुआ। भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत ने कतर के खिलाड़ी युसूफ अयमन का एक हेडर रोका। इसके बाद गेंद गोल पोस्ट के पास लाइन के पार चली गई लेकिन अल हाशमी बॉल को अंदर लेकर आ गए, जिस पर अयमन ने गोल कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने खेलना रोक दिया लेकिन रेफरी ने सीटी नहीं बजाई और कतर के खाते में गोल दे दिया। रिप्ले में साफ दिख रहा था कि फुटबॉल लाइन को क्रॉस कर चुकी है, यानी यहां पर खेल रुक जाना चाहिए था। इस गलत फैसले के कारण भारत का ध्यान भटक गया और उसने अपनी लय खो दी। मैच में शुरुआत में आगे चल रही भारत 1-1 से बराबरी के बाद संघर्ष करता नजर आया।

# बारिश की भेंट चढ़ा नेपाल और श्रीलंका का मैच




लॉडरहिल । नेपाल और श्रीलंका के बीच टी20 विश्व कप ग्रुप डी का मैच फ्लोरिडा में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। बारिश की वजह से मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को 1-1 अंक मिला।

अंक मिलने से दोनों ही टीमों का विश्व कप 2024 में खाता खुल गया है लेकिन श्रीलंका को इससे बड़ा झटका लगा है, क्योंकि इस मुकाबले को जीतकर 2 अंक हासिल करना उसके लिए बेहद जरूरी था। मैच के रद्द होने के कारण ग्रुप-डी के समीकरण में भी सस्पेंस बढ़ गया है। इस ग्रुप में उसके अलावा दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की टीम शामिल है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, टूर्नामेंट अधिकारियों ने फ्लोरिडा के लॉडरहिल में भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी के बाद यह निर्णय लिया, जहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में उनका पहला मैच होना था। मैच रद्द होने के कारण, श्रीलंका की सुपर आठ चरण में आगे बढ़ने की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी हैं, जबकि नेपाल के क्वालीफिकेशन की संभावना भी कम हैं। फिलहाल टूर्नामेंट में दोनों टीमें अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। वर्तमान में ग्रुप डी में शीर्ष पर चल रहे दक्षिण अफ्रीका ने सुपर आठ में जगह पक्की कर ली है। तीन मैच खेलने के बाद से श्रीलंका के पास केवल एक अंक है, ऐसे में उनका सुपर-8 में पहुंचना आसान नहीं होने वाला। श्रीलंका अपने अंतिम ग्रुप मैच में 17 जून को नीदरलैंड से भिड़ेगी। जबकि नेपाल को 15 जून को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला महत्वपूर्ण है और यहां हारने का मतलब टूर्नामेंट में उनका सफर खत्म होना है। श्रीलंका को अगले चरण के लिए क्वालीफाई करना है तो उसे दुआ करनी होगी कि 13 जून को किंग्सटाउन में बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड मैच भी बारिश के कारण रद्द हो जाए। इसके बाद, उसे अपने अंतिम ग्रुप मैच में नीदरलैंड को हराना होगा। या यूं कह लीजिए टीम का आगे का सफर बाकी टीमों के मुकाबलों पर निर्भर करेगा।

# प्रथम पेज का शेष

***कुवैत के बिल्डिंग में काल बनी ...***

दुखद रूप से मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों के जल्द और स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इमारत मालिक और चौकीदार को गिरफ्तार करने का आदेश- कुवैत टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, आंतरिक मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने पुलिस को बिल्डिंग के मालिक, चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। उन्होंने घटना का दौरा करने के बाद कहा कि आज जो हुआ वह कंपनी और इमारत मालिकों के लालच का नतीजा है। मंत्री ने नगर पालिका और जनशक्ति के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण को आदेश दिया। वे इस उल्लंघनों को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें।

***साय सरकार का बड़ा आरोप...***

को कांग्रेसी पचा नहीं पा रहे हैं। इसी वजह से यह साजिश की है। कई कांग्रेस नेता प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के लोग अहिंसा के पुजारी हैं, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने उन्हें भड़काने का काम किया। समाज के बीच कुछ असामाजिक लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। यह बहुत ही दुखद घटना है। एक सवाल के जवाब में मंत्रियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर मामले की न्यायिक जांच शुरू हो गई है। हिंसा में शामिल सभी दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

विधायक लहरे ने आरोपों को किया खारिज- विधायक कविता प्राण लहरे ने मंत्रियों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे लोगों से शांतिपूर्णढंग से प्रदर्शन करने की अपील करने के लिए गई थी। समाज का मामला होने के कारण प्रदर्शन में शामिल हुई थी। विधायक कविता प्राण लहरे ने एक वीडियो भी प्रसारित की हैं, जिसमें वे लोगों से शांतिपूर्णढंग से प्रदर्शन करते हुए शासकीय भवनों व वाहनों को क्षति नहीं पहुंचाने की अपील कर रही है। पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने बलौदाबाजार हिंसा के लिए भाजपा को दोषी बताया है। मंत्रियों की ओर से बलौदाबाजार हिंसा में संलिप्पतता के आरोप लगने के बाद गुरु रुद्र गिरफ्तारी देने पहुंचे।

***चंद्रबाबू नायडू चौथी बार बने ...***

इन नेताओं ने ली शपथ- शपथ लेने वाले टीडीपी विधायकों में नारा लोकेश, किंजरापु अच्चेन्नायडू, निम्माला रामानायडू, एनएमडी फारूक, अनम रामनारायण रेड्डी, पय्यावुला केसव, कोल्लू रवींद्र, पोंगुरु नारायण, वंगालापुडी अनीता, अनगानी सत्य प्रसाद, कोलुसु पार्थसारधी, कोला बलवींरंजनेया स्वामी, गोट्टीपति रवि, गुम्माडी संध्यारानी, बीसी जनार्दन रेड्डी, टीजी भारत, एस सविता, वासमसेट्टी सुभाष, कोंडापल्ली श्रीनिवास और मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी शामिल हैं। जनसेना पार्टी की ओर से कोनिडेला पवन कल्याण, नादेंदला मनोहर और कंडुला दुर्गेश मंत्री पद की शपथ लेंगे, जबकि भाजपा की ओर से सत्य कुमार यादव नायडू मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ लेने वाले एकमात्र विधायक हैं।

***मुसलमानों के लिए शिक्षा में ...***

मुस्लिम समुदाय को 5 प्रतिशत शैक्षणिक आरक्षण देने के फैसले को स्वीकार कर लिया था। हालांकि बाद में यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। मुस्लिम समुदाय के साथ हुई बैठक के बाद लिया फैसला- इलको लेकर रायगढ़ से नवनिर्वाचित सांसद सुनील तटकरे ने कहा, हमने कल पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक की है। बैठक के दौरान हमने उनका पक्ष सुना। अभी इस मामले को लेकर एक बैठक और की जाएगी। उसके बाद ही हम किसी नतीजे पर पहुंच पाएंगे।÷ एनसीपी का यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले सप्ताह पार्टी विधायकों ने अजित पवार के साथ बैठक में कहा था कि पार्टी को उस्मानाबाद, बारामती और शिरूर में भारी हार का सामना करना पड़ा। वहां के सारे मुस्लिम मतदाताओं ने महा विकास अघाड़ी उम्मीदवारों के पक्ष में ही मतदान किया था। उन्होंने आगे बताया कि संविधान में बदलाव के बाद आरक्षण खत्म होने के डर से मुस्लिम, दलित और आदिवासियों ने महायुति के उम्मीदवारों के खिलाफ मतदान किया, जिससे महायुति को नुकसान हुआ।

***जम्मू-कश्मीर के कठुआ में दो...***

नागरिक भी आतंकवादियों की गोली लगने से घायल हुआ है। उसके बायें हाथ में गोली लगी है। उसे कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जय ने कहा, इलाके में तलाशी अभियान के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है।

इस बीच, मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया, जिनमें 30 राउंड वाली तीन मैगजीन, 24 राउंड वाली एक मैगजीन, एक अलग पॉलीथीन बैग में 75 राउंड, तीन जिंदा ग्रेनेड, 02 लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोट, पाकिस्तान में बनी चॉकलेट, सूखे चना और चपाती सहित खाने-पीने की चीजें, पाकिस्तान में बनी दवायें, दर्द निवारक इंजेक्शन, ए4 बैटरी सेल के दो पैक, एंटीना वाला एक हैंडसेट और हैंडसेट से लटके दो तार शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने भी ओम प्रकाश का हालचाल जानने के लिये कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा किया। डॉ. सिंह ने संवाददाताओं से कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' है, उसी सिद्धांत का पालन करते हुये आगे की कार्रवाई की जायेगी।

डोडा के चत्तरगला इलाके में मंगलवार देर रात आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर पुलिस के पांच जवान और एक एसपीओ घायल हो गये थे। उन्होंने कहा, रात करीब 1.45 बजे डोडा जिले के भद्रवाह के चत्तरगला इलाके में सेना और पुलिस की आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई।

***एलजी ने मुझे गलियां दीं...***

मेरे बारे में बहुत ख़राब बातें कहीं है। मैं एलजी साहब से हाथ जोड़ के इतना ही कहूँगी- मुझे पता है कि आप और भाजपा वाले हमसे बहुत नफ़रत करते हैं, क्योंकि दिल्ली वाले बार-बार अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को भारी बहुमत से मुख्यमंत्री बनाते हैं। लेकिन हमसे नफ़रत करते करते, आपको दिल्ली वालों से नफ़रत हो गई है।

उन्होंने आगे लिखा, आपने हमें जितनी गालियाँ देनी हैं, दे दीजिए; आपने हमें जितना बुरा भला कहना है, कह लीजिए। लेकिन हमसे नफ़रत की वजह से आप दिल्ली वालों के हक़ का पानी मत रुकवाइये। दिल्ली वाले पानी की कमी से बहुत परेशान हैं। अगर हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली को पानी दे देगी, तो सभी दिल्ली वालों को आराम मिलेगा।

***छत्तीसगढ़ में बिना डिग्री के खोल...***

पंजीयन नहीं कराया था। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम पास है भी नहीं। दरअसल निजी अस्पताल में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई। जांच के बाद पता चला कि विदेश से पढ़े डॉक्टर बच्ची का इलाज कर रहा था। यह मामला भी छग मेडिकल काउंसिल पहुंचा था।

डॉक्टरों का पंजीयन है या नहीं, ज्यादातर सीएमएचओ गंभीर नहीं- नर्सिंग होम एक्ट के तहत निजी अस्पताल शुरू होने के पहले सीएमएचओ की टीम निरीक्षण करती है। इसमें सेवाएं देने वाले सभी डॉक्टरों की डिग्री समेत छग मेडिकल काउंसिल में पंजीयन है या नहीं, इसकी पड़ताल करती है। मामले में प्रदेश के ज्यादातर सीएमएचओ लापरवाही बरत रहे हैं। जब कोई शिकायत होती है तो हाथ खड़े कर दिए जाते हैं और छग मेडिकल काउंसिल से पंजीयन की जानकारी मांगी जाती है। जबकि जिलों में सीएमएचओ नर्सिंग होम एक्ट का नोडल अफसर होता है। उन्हीं की जांच में एक्ट के तहत अस्पतालों का पंजीयन होता है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com